




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 41 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 11 नवंबर 2025 डाक 12 नवंबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लुआंडा में अंगोला के पहले राष्ट्रपति डॉ. एंटोनियो एगोस्टिन्हो नेटो को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके स्मारक का दौरा किया।



**देश-विदेश**

दिल्ली में ब्लास्ट के बाद देशभर में हाई अलर्ट, महाराष्ट्र से लेकर केरल तक हो रही चेकिंग, संदिग्धों पर नजर



**फीचर पेज**

लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके




# दिल्ली धमाके के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, इसकी तह तक जाएंगे : पीएम

**थिम्फू 11 नवंबर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर भूटान पहुंचे हैं। भूटान की राजधानी थिम्फू के एयरपोर्ट पर पीएम मोदी भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भूटान सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। पीएम मोदी 11-12 नवंबर को भूटान दौरे पर रहेंगे। इस दौरे से द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री मोदी भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के 70वें जन्मदिन समारोह में भी शामिल होंगे। पीएम मोदी ने भूटान में दिल्ली विस्फोट पर दुख व्यक्त किया। भूटान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली धमाके की घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज मैं यहां बहुत भारी मन से आया हूं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित कर दिया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। दिल्ली ब्लास्ट ने सभी को व्यथित किया। पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और जो भी इस धमाके के पीछे हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं कल रातभर इस घटना की जांच में जुटी सभी एजेंसियों के साथ, सभी महत्वपूर्ण लोगों के साथ संपर्क में था। विचार-विमर्श चल रहा था, जानकारियों के तार जोड़े जा रहे थे। हमारी एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। इससे पहले भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने थिम्फू के पारो एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। तोबगे ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि मैं अपने बड़े भाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भूटान में स्वागत करने में पूरे देश के साथ शामिल हूं। दौरे पर निकलने से पहले एक बयान में प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे विश्वास है कि मेरा यह दौरा हमारी दोस्ती के बंधन को और गहरा करेगा और साझा प्रगति और समृद्धि की दिशा में हमारे प्रयासों को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी साझेदारी हमारी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी का एक मुख्य स्तंभ है और पड़ोसी देशों के बीच बेहतरीन दोस्ताना संबंधों का एक मॉडल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दौरा हमारे द्विपक्षीय संबंधों में नई जान डालेगा।



इस दौरे के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री तोबगे के साथ बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी और भूटान के राजा वांगचुक मिलकर भारत और भूटान द्वारा संयुक्त रूप से विकसित 1020 मेगावाट के पुनात्सांगछू-।। हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि इस दौरे का मकसद दोनों देशों के बीच दोस्ती और सहयोग के खास रिश्तों को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेषों के प्रदर्शन के साथ भी हो रहा है, जिन्हें भारत से भूटान भेजा गया है।

## दिल्ली ब्लास्ट पर अमित शाह की हाई लेवल बैठक जारी, केंद्रीय गृह सचिव और आईबी चीफ भी मौजूद



**नईदिल्ली 11 नवंबर।** बीती रात लाल किले के पास हुए धमाके से पूरी दिल्ली दहल गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मामले की समीक्षा के लिए अपने आवास पर हाई लेवल मीटिंग बुलाई है। यह बैठक आज सुबह 11 बजे शुरू हुई। सभी उच्च अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। इस बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, आईबी निदेशक, दिल्ली पुलिस कमिश्नर, एनआईए के डीजी समेत कई बड़े अधिकारी मौजूद हैं। बैठक की अध्यक्षता गृह मंत्री अमित शाह कर रहे हैं। वहीं, जम्मू कश्मीर के डीजीपी वर्चुअली इस बैठक में हिस्सा लिया है। लाल किले के पास हुए धमाके के पीछे आतंकी साजिश का अंदेशा जताया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियों अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए 4 संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है। हालांकि, अभी तक हमले की असली वजह पर कोई औपचारिक बयान सामने नहीं आया है। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास हुए धमाके में 9 लोगों की मौत हो गई और 20 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

## रायपुर एयरपोर्ट में तगड़ी चेकिंग, डॉग स्क्वाड के साथ अतिरिक्त जवानों की तैनाती



**रायपुर 11 नवंबर।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार रात हुए भीषण धमाके के बाद रायपुर में पुलिस अलर्ट मोड में है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में मंगलवार सुबह विशेष जांच अभियान चलाया गया। डॉग स्क्वाड ने पूरे परिसर को स्कैन किया। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। बीती रात पुलिस प्रशासन ने शहर के प्रमुख स्थानों- रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया। किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस की टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। एससपी ने सभी थाना प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने और रात-दिन लगातार पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए. पुलिस बल को संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया है, जबकि बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड को भी तैयार रहने के आदेश दिए गए हैं।

## नक्सलियों ने कहा - नहीं डालेंगे हथियार, ऑपरेशन पर निकली फोर्स

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आत्मसमर्पण को देखते हुए नक्सलियों ने एक बार फिर पत्र जारी किया है। नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी ने पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि, उनका संघर्ष जारी रहेगा और वे किसी भी स्थिति में हथियार नहीं डालेंगे। इसके साथ ही उन्होंने सोनू और सतीश को दोबारा गद्दार और पार्टी विरोधी करार दिया है। नक्सलियों ने लिखा कि, दोनों ने अपने पद और जिम्मेदारी का दुरुपयोग किया तथा निचले कैडर को भटकाने का प्रयास किया। इन दोनों ने केंद्रीय कमेटी की नीतियों को कमजोर करने और संगठन को बदनाम करने की साजिश रची है। पत्र में उन्होंने यह आरोप लगाया है कि, कुछ पूर्व सदस्य अब सरकारी सुरक्षा एजेंसियों के संपर्क में हैं और संगठन की अंदरूनी जानकारी बाहर पहुंचाने का काम कर रहे हैं। बस्तर में नक्सलियों के कई बड़े कमांडर आत्मसमर्पण कर चुके हैं। राज्य सरकार और पुलिस ने नक्सल उन्मूलन के लिए विकास और संवाद की नई पहलें शुरू की हैं। इसी बीच यह पत्र जारी होना नक्सल संगठन की बढ़ती बेचैनी और आंतरिक असंतोष का संकेत माना जा रहा है।

## सीमा पार से पैसा और सपोर्ट के बिना संभव नहीं, हथियारों की तस्करी पर भारत ने यूएन में पाक को फिर लताड़ा

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई है। भारत के स्थायी राजदूत परवतनेनी हरीश ने पाकिस्तान की ओर परोक्ष तौर से इशारा करते हुए कहा कि भारत सीमा पार आतंकवाद और अवैध हथियार तस्करी का शिकार रहा है। हरीश ने कहा, भारत दशकों से आतंकवाद की मार झेल रहा है। सीमा पार से आने वाले अवैध हथियार और अब ड्रोन का इस्तेमाल आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने जोर दिया कि आतंकी गुटों को हथियार पहुंचाने वालों के खिलाफ सुरक्षा परिषद को जीरो टॉलरेंस दिखाना होगा। भारत ने बताया कि छोटे हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी आतंकी संगठनों को जिंदा रखती है।



इन गुटों को हथियार मिलते रहते हैं, जो साफ दिखाता है कि कोई उन्हें मदद, पैसा या समर्थन दे रहा है। हरीश ने कहा कि सुरक्षा परिषद को आतंकवाद के हर रूप और उसके समर्थकों के खिलाफ सख्ती बरतनी होगी। भारत ने कहा कि NSC की ओर से लगाए गए हथियार एम्बार्गो संघर्ष क्षेत्रों में हथियारों की सप्लाई रोकने का अहम तरीका हैं। इन्हें निष्पक्ष और लगातार लागू करना जरूरी है। छोटे हथियारों की तस्करी और गायब होना अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा है। भारत ने कहा कि हथियारों की तस्करी रोकने, नेटवर्क तोड़ने, सीमा और कस्टम्स में तालमेल और खुफिया जानकारी साझा करने के लिए देशों का साथ जरूरी है।

यूएन के प्रोग्राम ऑफ एक्शन और इंटरनेशनल ट्रेसिंग इंस्ट्रूमेंट को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय कानून, निर्यात नियंत्रण और क्षमता निर्माण पर जोर देना होगा।हरीश ने कहा, भारत आतंकी गुटों तक छोटे हथियार पहुंचने से रोकने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-3 लागू इन पाबंदियों का करना होगा पालन



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली सहित एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। इसके मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) तीन के प्रतिबंध लागू कर दिए हैं।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, सोमवार यानी 10 नवंबर को दिल्ली का औसत एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में 362 दर्ज किया गया था, जिसमें तेजी से बढ़ोतरी देखी गई है। प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण आज मंगलवार यानी 11 नवंबर को सुबह 9.00 बजे दिल्ली का एक्यूआई गंभीर श्रेणी में 425 दर्ज किया गया है।

## 'अमित बघेल की गिरफ्तारी के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी

**रायपुर, 11 नवंबर [एजेंसी]।**



नई राजधानी प्रभावित किसान कल्याण समिति ने अमित बघेल का समर्थन किया है। समिति अध्यक्ष रूपनलाल चंद्राकर, सचिव कामता प्रसाद रात्रे, प्रवक्ता गिरधर पटेल ने समर्थन पत्र में कहा कि अमित बघेल को गिरफ्तार करना तो दूर एक खरोंच भी आई तो समिति उग्र आंदोलन करेगी। समर्थन पत्र में नई राजधानी प्रभावित किसान कल्याण समिति ने लिखा है...महान सपुत छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्न दृष्टया श्रध्देय खूबचंद बघेल जी के सुयोग्य नाती अमित बघेल जी अध्यक्ष जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी 8 छत्तीसगढ़ियों को शासन-प्रशासन, उद्योग-व्यापार में भागीदारी हक-अधिकार दिलाने, सदैव संघर्षरत हैं, इसी तारतम्य में उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ महतारी के प्रतिमा को खंडित किया जाता हैं, अपमानित किया जाता है, छत्तीसगढ़ियों को हर जगह अप- मानित, दीन-हीन समझा जाता है। सिंधी समाज के पुज्य महापुरुषों, अग्रवाल समाज के पुजनीय अग्रसेन महराज के प्रतिमाओं को खंडित क्यों नहीं किया जाता बार-बार छत्तीसगढ़ियों के मान-सम्मन, संत-महापुरुषों, देवी-देवताओं का बाहरियों द्वारा अपमान किया जाना जारी हैं....यहां तक कि छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों का शोषण व अपमान करना जारी है, नई राजधानी प्रभावित किसान कल्याण समिति, इसकी हम घोर निन्दा करते हैं।

ऐसे छत्तीसगढ़ स्वाभिमानी कथन के कारण अन्य गैर छत्तीसगढ़ियों के दबाव में हमारे मूल छत्तीसगढ़िया, अन्याय के खिलाफ लड़ने वाला क्रांतिवीर अमित बघेल जी पर एफ. आई. आर. दर्ज की गई है... और जगह-जगह एफ.आई.आर. दर्ज करने का षड़यत्र जारी हैं। नई राजधानी प्रभाविज किसान कल्याण समिति नया रायपुर, सर्वप्रथम अमित बघेल जी हुए कुत्सित एफ. आई. आर. को रद्द करवाने छ.ग. शासन-प्रशासन से अपील करती हैं। द्वितीय- अगर अमित बघेल को जेल में डालना तो दूर एक खरोच भी आई तो नई राजधानी प्रभावित किसान कल्याण समिति नया रायपुरी उग्र आंदोलन, जन-आंदोलन करेगी।

## अमेरिका में तालाब में गिरने के बाद प्लेन क्रैश, दो लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** अटलांटिक महासागर में आए तूफान ने कैरिबियन द्वीप पर जमकर तबाही मचाई है। इसी बीच एक और बुरी खबर सामने आ रही है। तूफान से प्रभावित लोगों को मदद पहुंचाने वाला प्लेन अचानक क्रैश हो गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। यह एक छोटा टर्बोप्रॉप प्लेन था, जो अमेरिका से जमैका जा रहा था। फ्लोरिडा के पास प्लेन का संतुलन बीच हवा में बिगड़ गया और एक घर के पूल में जा गिरा। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई।

## जंगल से भटके गजराज ने बोकारो में मचाई तबाही, दो की जान गई

**ललपनिया( बोकारो)।** झारखंड में मानव-हाथी संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के जागेश्वर विहार थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलैया गांव का है, जहां कल रात हाथियों के झुंड ने हमला कर दो युवकों की जान ले ली।जानकारी के अनुसार, रात करीब आठ बजे गांव के दुकान के पास कुछ लोग बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान चार-पांच जंगली हाथी अचानक गांव में आ धमके, जिससे अफरातफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस बीच हाथी ने भागते हुए चरकु महतो (40) और प्रकाश महतो (38) को सूंड़ से पकड़कर पटक दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए ढोल-नगाड़ों और आग की रोशनी के सहारे हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ दिया। सूचना पाकर वन विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थिति का जायजा लिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।बताया गया कि मृतकों के परिवार में एक-एक पुत्र और पुत्री हैं। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से मृतकों के परिजनों को शीघ्र मुआवजा देने और गांव में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो।



## 197 भारतीय नागरिकों को भारतीय वायुसेना के विमानों से थाईलैंड से भारत वापस लाया गया



**बैंकॉक।** थाईलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा संचालित दो विशेष उड़ानों के ज़रिए 197 भारतीय नागरिकों को माई सोत से भारत वापस लाया गया है। सोमवार को प्रत्यर्पित किए गए भारतीय नागरिकों को म्यांमार के म्यावाड्डी से थाईलैंड में प्रवेश करने के बाद माई सोत में हिरासत में लिया गया था, जहाँ वे कथित तौर पर साइबर धोखाधड़ी केंद्रों में काम कर रहे थे। दूतावास ने बताया कि थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने इस अभियान की निगरानी के लिए माई सोत का दौरा किया। थाईलैंड में भारत के राजदूत नागेश सिंह के साथ अपनी बैठक के दौरान, चर्नविराकुल ने माई सोत से बंदियों की शीघ्र स्वदेश वापसी में भारत सरकार के प्रयासों के लिए थाईलैंड की सराहना व्यक्त की और म्यांमार के धोखाधड़ी केंद्रों से रिहा हुए भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी में थाई अधिकारियों की ओर से निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। आज भारतीय वायु सेना द्वारा संचालित दो विशेष उड़ानों द्वारा 197 भारतीय नागरिकों को थाईलैंड के माई सोत से भारत वापस लाया गया।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस की हिरासत में उमर की मां-भाई और जीजा, बहन मुजम्मिला अख्तर ने दिल्ली ब्लास्ट पर क्या कहा?




**श्रीनगर।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट के संदिग्धों में से एक डॉ. उमर मोहम्मद की बहन मुजम्मिला अख्तर का रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने कहा कि पुलिस मेरी सास, पति और देवर को पूछताछ के लिए ले गई। उन्होंने उमर के ठिकाने के बारे में पूछताछ की। मुजम्मिला अख्तर ने कहा कि हमने आखिरी बार उससे तीन दिन पहले शुक्रवार को बात की थी और मामले में उसका नाम सुनकर चौंक गए थे। वह पिछले दो सालों से फरीदाबाद में रह रहा था और क्रिकेट का बहुत शौकीन था। दिल्ली ब्लास्ट को लेकर सवाल पूछने पर मुजम्मिला ने कहा कि वह इस तरह का आदमी नहीं था। मुझे यकीन नहीं हो रहा कि वो ऐसा कर सकता है। उसे बच्चों से बहुत लगाव था।

हमने उसे पढ़ाने के लिए बहुत मेहनत की ताकि घर-परिवार चल सके। वह काफी शांत स्वभाव का था, ज्यादा किसी से बात नहीं करता था और उसके दोस्त भी कम थे। उमर की शादी के बारे में जब पूछा गया तो मुजम्मिला ने बताया कि उसकी शादी नहीं हुई थी। लेकिन सगाई हो गई थी। दूसरे संदिग्ध आदिल के बारे पूछे जाने पर मुजम्मिला ने कहा कि वह उसे नहीं जानती, सिर्फ उसका नाम सुना है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## दूसरे चरण में अब तक 41.38 फीसदी वोटिंग, इन बूथों में लोगों ने किया वोट बहिष्कार

**पटना 11 नवंबर।** पूर्णिया में फैशन डिजाइनर और मोटिवेशनल स्पीकर नीतीश चंद्रा ने अपनी मां मंजू सिंह के साथ मतदान किया। वोट देने के बाद उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने बेहतर बिहार के लिए वोट किया है। लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि यदि आपने अभी तक मतदान नहीं किया है, तो तुरंत मतदान केंद्र पहुंचकर वोट दें। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए हर मत अमूल्य है। बिहार में दूसरे चरण में भी बंपर वोटिंग हो रही है। सुबह 01 बजे तक 41.38 प्रतिशत हुआ है।



भागलपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी और वर्तमान विधायक अजीत शर्मा ने पत्नी विभा शर्मा और पुत्र वैभव शर्मा के साथ कृषि भवन मतदान केंद्र पर मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि हर मतदाता का कर्तव्य है कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान अवश्य करें। उन्होंने भागलपुरवासियों से भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। वहीं, मतदान के दौरान उनके पुत्र वैभव शर्मा ने मुस्कुराते हुए इशारों में अपनी पसंद जाहिर की, जिससे मतदान केंद्र पर मौजूद लोगों के बीच उत्सुकता और मुस्कान दोनों देखने को मिलीं। बिहार विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में नवादा जिले के वारिसलीगंज क्षेत्र में मतदान के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच मामूली झड़प हुई।

नवादा एसपी अभिनव धिमन ने बताया कि घटना मतदान केंद्र से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर हुई और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। उन्होंने सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त होने की अफवाहों को निराधार बताया, कहा कि वह निजी वाहन था। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसकी सत्यता पीटीआई स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका। लोकतंत्र की असली ताकत और जागरूकता की मिसाल पेश करते हुए गया जिले के बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के कुरी सराय गांव में स्थित मध्य विद्यालय कुरी सराय बूथ पर एक महिला मतदाता ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। बताया गया कि बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के कुरी सराय गांव के रहने वाले सुनील मांझी की 25 वर्षीय पत्नी सोनी कुमारी बीती रात ही बेलागंज के सरकारी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था, लेकिन लोकतांत्रिक अधिकार निभाने के जज़्बे के साथ वह सुबह एंबुलेंस से अपने नवजात शिशु को लेकर मतदान केंद्र पहुंची और मतदान किया। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण में आज 20 जिलों की 122 सीटों पर मतदान होना है। इस चरण में एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के 122 और महागठबंधन के 126 उम्मीदवार मैदान में हैं। दूसरे चरण के इस चुनाव में कई बड़े नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इनमें पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी, मंत्री विजेंद्र यादव, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, रालोसोपा प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता, कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान और भाकपा माले के विधायक दल के नेता महबूब आलम जैसे दिग्गज शामिल हैं। लोकतंत्र के महापर्व में कटिहार के आम और खास मतदाता बढ़ चर कर मतदान में हिस्सा ले रहे हैं। मतदाताओं में काफी उत्साह है। इसी बीच कटिहार उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरसा अनुसूचित जाति मतदान केंद्र में पहुंचकर पूर्व राज्यसभा सांसद अहमद अशफाक करीम और उनकी धर्मपत्नी ने मतदान किया, मतदान के बाद उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हर किसी की भागीदारी बेहद महत्पूर्ण है।

# भूगर्भ से निकालेंगे कोयला, 3 गांवों का ड्रोन सर्वे करेगी कंपनी

## हर खाते में रोजगार और मुआवजा को लेकर बनी है तनातनी

**कोरबा।** कोरबा जिले में 40 वर्ग किलोमीटर में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कोल माइंस मौजूद हैं। जबकि उनके आसपास और भी क्षेत्र में कोयला का विशाल भंडार होने का पता चला है। इसलिए मिनरल्स एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड का सर्वेक्षण पहले ही हो चुका है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गेवरा क्षेत्र में अपनी कॉल माइंस का दायरा और बढ़ाने के लिए तीन गांव को कहां है कि उनके यहां ड्रोन सर्वे बहुत जल्द करेंगे। इस ऐलान के साथ इलाके मे चिंता है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गेवरा क्षेत्र की खदान का विस्तार पहले भी हो चुका है और इस चक्कर में मनगांव और दूसरे क्षेत्र की जमीन अर्जित हो चुकी। इस पूरी प्रक्रिया से प्रभावित लोगों को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया गया है लेकिन उनकी शिकायतें तब से लेकर अब तक खत्म नहीं हो सकी। वर्तमान में कोयला कंपनी ने अपने चरण और आगे बढ़ाने तय किए हैं। इसके अंतर्गत प्रबंधन की ओर से एक पत्र ग्राम पंचायत रलिया, भिलाई बाजार और मुढ़ियानार को जारी किया गया है। इसमें कहा गया कि अर्जुन और विकास अधिनियम 1967 की धारा के अंतर्गत गेवरा क्षेत्र अंतर्गत इन क्षेत्रों का अधिग्रहण करने की सूचना भारत सरकार के राजपत्र में 18 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित की जा चुकी है जिसका क्रमांक 1785 है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की ओर से प्रशासन की सूचना कलेक्टर कोरबा को दिए जाने पर उनकी ओर से उक्त ग्रामों में ड्रोन सर्व संपन्न कराने की अनुमति प्राप्त हुई है। इस विषय को लेकर साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की ओर से महाप्रबंधक खनन और स्टाफ ऑफिसर लैंड रिकॉर्ड गेवरा क्षेत्र के द्वारा पत्र जारी किया गया है । संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच को बताया गया है कि प्रशासन के इस अनुमति व निर्देश के परिपालन में संबंधित ग्रामीण क्षेत्र के मकान और अन्य परिसंपत्तियों का वास्तविक छायांकित चित्रण किसी भी व्यक्ति विशेष के निजता का हनन किए बिना ड्रोन सर्वे किए जाने हेतु 12 नवंबर से 18 नवंबर तक की तिथि सुनिश्चित की गई है। इसके लिए समय सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। ग्राम पंचायत को कहा गया है कि वह प्रशासन के उक्त निर्देशों के संबंध में आवश्यक सहयोग देंगे। इससे पहले हरदी बाजार और अन्य क्षेत्रों में लोगों ने सर्वे की प्रक्रिया का जमकर विरोध किया और कुछ मौका पर अधिकारियों को गांव से चलता कर दिया। बना हुआ है टकरावयहां बताना उचित होगा कि कोरबा जिले के कोरबा से लेकर कुसमुंडा, दीपका विस्तार आदि क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने को लेकर दबाव है। इसलिए इन क्षेत्रों में नए कोयला भंडार का सर्वेक्षण करने के साथ जमीन अर्जित करने की प्रक्रिया तेज है। हर खाते पर रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार में प्राथमिकता देने और मुआवजा की बड़ी कीमत को लेकर प्रभावित लोग लगातार दबाव बनाए हुए हैं। यही कारण है कि इन क्षेत्रों में लगातार धरना प्रदर्शन के साथ-साथ उत्पादन संबंधी गतिविधियों को बंद करने के मामले आए दिन आते रहते हैं।

## गेवरा क्षेत्र में पेंशनरों के लिए शिविर

**कोरबा।** मुख्यालय के निर्देश पर दीपका क्षेत्र, सीडब्ल्यूएस गेवरा एवं सीएमपीएफ कार्यालय बिलासपुर के तत्वावधान में गेवरा क्षेत्र में पेंशनर्स के लिए डिजिटल अभियान 4.0 के तहत दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 10 से 11 नवंबर तक चलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ गेवरा क्षेत्र के महाप्रबंधक (संचालन) एन. के. साहू के करकमलों से हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाप्रबंधक (कार्मिक) अजय बेहरा ने सभी पेंशनर्स का स्वागत किया तथा दो दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जो पेंशनर्स किसी कारणवश कार्यालय तक नहीं आ सकते, उनके लिए विशेष व्यवस्था की गई है—ऐसे पेंशनर्स के निवास स्थल पर जाकर भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।महाप्रबंधक (संचालन) एन. के. साहू ने अपने संबोधन में कहा कि अब पेंशनर्स बिना बैंक जाए, अपने मोबाइल के माध्यम से ही जीवन प्रमाण पत्र आसानी से जमा कर सकते हैं। इससे पेंशन जारी रखने की प्रक्रिया और भी सुगम हो गई है।



## पहाड़ी कोरवा बंधन सिंह के आवास में लगा पीएम सूर्यघर

### अब बिजली के बिल से मिलेगी राहत

**कोरबा।** कोरबा जिले के वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम पतरापाली में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्य पहाड़ी कोरवा बंधन सिंह के घर पर प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत सोलर प्लेट स्थापित की गई है। इस योजना से अब उन्हें बिजली बिल के बोझ से राहत मिलेगी।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में प्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उन्हें विभिन्न पीएम जनमन योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पतरापाली के निवासी बंधन सिंह को भी योजना का लाभ प्रदान किया गया है।

बंधन सिंह, जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, ने बताया कि पहले उन्हें अधिक बिजली बिल आने से परेशानी होती थी। कई बार एक साथ कई माह का बिल जमा करना कठिन हो जाता था। लेकिन पीएम सूर्यघर योजना से जुड़ने के बाद उनके घर में सोलर प्लेट लगाई गई है, जिससे अब बिजली की जरूरत सौर ऊर्जा से पूरी हो रही है और खुशी है कि आने वाले दिनों में बिजली बिल में भी राहत भी मिलेगी। बंधन सिंह की पत्नी परदेशीन बाई ने बताया कि अब उन्हें घर में पर्याप्त रोशनी और सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना उनके परिवार के लिए वरदान साबित हुई है।

राज्य शासन द्वारा वनांचल एवं दूरस्थ अंचलों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के जीवनस्तर में सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पीएम सूर्यघर योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे ग्रामीणों को सस्ती एवं पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा उपलब्ध कराई जा रही है।

## अग्निवीर शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु दिया जा रहा नि:शुल्क प्रशिक्षण

**कोरबा।** अग्निवीर थल सेना में भर्ती हेतु लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सीएसईबी ग्राउंड कोरबा में नि:शुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 31 दिसंबर तक प्रदान किया जायेगा। जिले के इच्छुक उत्तीर्ण युवक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में संपर्क कर सकते हैं।

## निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नीलामी 28 नवंबर को

**कोरबा ।** नगर सैनिकों के पुराने वर्दियां, कार्यालय के अन्य अप्रयोज्य सामानों की नीलामी 28 नवंबर को जिला सेनानी कार्यालय नगरसेना कोरबा में होगी। यह नीलामी होमगार्ड लाईन रजगामार रोड कार्यालय में सुबह 11 बजे होगी। नगरसेना के कोरबा कार्यालय द्वारा निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों की नीलामी 'लाट में, जैसी है जहां है जितनी हैं' आधार पर की जायेगी। निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रियों में नगरसेना के जवानों की वर्दी सामग्री यथा फुलपेंट, कमीज, टोपी, टोपी बैज, कंधा बैज, जूते, मोजे, कंबल, दरी, जर्सी, अंगोला, शर्ट, बेल्ट, बेल्ट लेदर, मच्छरदानी, बरसाती, ग्राउण्ड सीट, व्हिसील, थाली, गिलास, बुट ब्रश, पंखा, सबमर्शिबल मोटर एवं अन्य अनुपयोगी सामग्री शामिल है। पूरे निष्प्रयोज्य सामान की एक साथ नीलामी होगी। इच्छुक क्रेता नीलामी तिथि से एक दिन पहले तक कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना कोरबा में आकर सामग्रियों का अवलोकन कर सकते हैं। प्रत्येक खरीददार को बोली लगाने के पूर्व राशि एक हजार मात्र प्रतिभूति के रूप में जमा करना अनिवार्य है। जिन खरीददार की बोली स्वीकार नहीं होगी उन खरीददारों की जमा राशि वापस कर दी जायेगी। खरीदार की उच्चतम बोली पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा स्वीकार किये जाने पर बोली की राशि जमा कर उसी दिन संपूर्ण सामग्रियों को उठाना होगा। नीलामी बोली की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति का अधिकार नीलामी कमेटी का होगा।

## आंगनबाड़ी पालना कार्यकर्ता एवं सहायिका की भर्ती दावा-आपत्तियां 21 नवंबर तक आमंत्रित

**कोरबा ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (शहरी) के निगम क्षेत्र में आंगनबाड़ी पालना कार्यकर्ता के 12 एवं पालना सहायिका के 12 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिसकी जांच एवं परीक्षण उपरांत अनन्तिम मूल्यांकन पत्रक जारी कर दिया गया है। मूल्यांकन पत्रक पर दावा आपत्तियां 12 नवंबर से 21 नवंबर तक आमंत्रित की गई है। दावा आपत्तियां कार्यालयीन दिवस में प्रात: 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक परियोजना कार्यालय में जमा किया जा सकता है। मूल्यांकन पत्रक परियोजना कार्यालय तथा नगर निगम कोरबा एवं नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के सूचना पटल पर देखे जा सकते हैं।

## समाजसेवी सत्यनारायण अग्रवाल का हुआ निधन



**कोरबा ।** कोरबा अंचल के व्यापारी सह प्रतीष्ठित समाज सेवी सत्यनारायण अग्रवाल का निधन सोमवार की शाम रायपुर में हो गया है। वे अंचल के प्रतीष्ठित संस्थान अशोका सेल्स व आर.के.टी.सी. ग्रुप के राजेन्द्र अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अमर अग्रवाल, सुशील अग्रवाल के पिता थे। शांत, सहज, सरल, मृदभासी, धार्मिक प्रवित्ती के स्व. श्री सत्यनारायण अग्रवाल के निधन की खबर से परिजन, रिश्तेदार, मित्रगण, व्यावसायिक जगत सहित अंचल में शोक की लहर दौड़ गयी हैं।

### आश्रम के बच्चों को ठंड से बचने बांटे मोजे

कोरबा । कोरबा शहर के महाराणा प्रताप नगर हनुमान चालीसा समिति ने देवपहरी के सिद्धिदात्री मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ लिया। जिलेवासियों के खुशहाली की मंगलकामना करी।



## अश्विनी की चेतावनी से नपा की नींद टूटी, 2 दिन में हल होगी समस्या

### कार्यालय के सामने धरना देने का दिया था अल्टीमेटम

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बाकी मोगरा ने कतईनार से घुड़देवा क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को 2 दिन के भीतर बेहतर करना सुनिश्चित किया है। इस इलाके में पेड़ों के टहनियां शॉर्ट करने का काम चल रहा है। पार्षद अश्विनी मिश्र की चेतावनी के बाद नगर पालिका परिषद ने इस तरफ कामकाज की रफ्तार को बढ़ाया है।

भारतीय जनता पार्टी के पास अश्विनी ने इस क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था बाधित होने को लेकर चिंता जताई थी और इस वजह से नाईट ट्रैफिक बाधित हो रहा है। ऐसी स्थिति में अगर की दुर्घटना होती है तो संबंधित व्यक्ति को उपचार की सुविधा नगर पालिका के द्वारा दिखाई जाए। उन्होंने तीन दिन पहले एक पत्र देकर कहा था कि अगर यह सब नहीं होता है तो वह नगर पालिका परिषद के सामने धरना पर बैठने की मजबूर होंगे। इस बीच नगर पालिका अधिकारी ज्योत्सना टोप्पो ने पत्र देकर अश्वनी को अवगत कराया की नगर पालिका परिषद कटघोरा से उधारी पर स्काई लिफ्ट लेकर टहनियों की छटाई की जा रही है। जिला खनिज न्यास मध्य से हमारी नगर पालिका के लिए स्काई लिफ्ट की खरीदी कर ली गई है और जल्दी इसका टेस्टिंग भी किया जाना है। नगर पालिका परिषद में कहा है कि 14 नवंबर तक समस्या ग्रस्त क्षेत्र में व्यवस्था बेहतर कर लेंगे।

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम कोरबा आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



कोरबा। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के प्रथम कोरबा प्रवास ने जिलेभर में जोश, उमंग और संगठन शक्ति की नई लहर दौड़ा दी। स्वागत के अभूतपूर्व दृश्यों से पूरा कोरबा भगवामय हो उठा। युवाओं ने बाइक रैली, ढोल-नगाड़ों, पुष्प वर्षा और देशभक्ति नारों से प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। जिले के 12 प्रमुख स्थानों पर आयोजित स्वागत कार्यक्रमों ने इसे ऐतिहासिक बना दिया। टी.पी. नगर चौक पर तराजू से तौलकर व फूलों की वर्षा कर स्वागत का दृश्य देखते ही बनता था। स्वागत रथ के साथ युवाओं का कारवां पूरे शहर में घूमता रहा। पाली से लेकर पावर हाउस रोड कोरबा तक स्वागत कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा। प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का युवा कार्यकर्ता केवल राजनीति नहीं करता, वह राष्ट्र निर्माण का सैनिक होता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'युवा भारत, विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की जिम्मेदारी अब हमारे कंधों पर है। हमें हर बूथ, हर गांव और हर वार्ड तक पहुंचकर युवाओं को जोड़ना है और उन्हें आत्मनिर्भर भारत की यात्रा का भागीदार बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि मैं कोरबा की युवा शक्ति को प्रणाम करता हूं। यहां जो जोश, अनुशासन और एकता मैंने देखी है, वह अद्भुत है। भाजपा युवा मोर्चा केवल संगठन नहीं, एक परिवार हैं जो देश संस्कृति और विचारधारा के प्रति समर्पित हैं।भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा हमारे संगठन की आत्मा है। आज जिस जोश और अनुशासन के साथ हमारे युवा कार्यकर्ता अपने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत कर रहे हैं, वह आने वाले सुनहरे भविष्य की झलक है।

## क्लर्क श्रेणी तीन के पद की संख्या बढ़ाएं

**कोरबा।** कोयला श्रमिक संगठन की ओर से साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक मानव संसाधन से मांग की गई है कि विभागीय क्लर्क श्रेणी तीन के पद की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। इस दिशा में जरूरी काम किया जाए। संगठन के महासचिव डीएम मनोहर द्वारा इस बारे में निदेशक को पत्र लिखा गया है जिसमें कहा गया कि 1 नवंबर 2025 को क्लर्क श्रेणी 3 की परीक्षा आयोजित की गई थी जिसमें लगभग 1910 विभागीय कर्मचारियों ने भाग लिया और 538 कर्मचारियों का सिलेक्शन हो गया। संगठन चाहता है कि क्लर्क श्रेणी तीन के पदों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए ताकि वह सभी विभागीय कर्मचारी जिन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ अंक प्राप्त किए हैं उन सभी का चयन हो सके। तर्क दिया गया है कि कई विभागीय कर्मचारी पिछले पांच या इससे भी अधिक समय से लिपि का काम कर रहे हैं और उनके पास पर्याप्त अनुभव है। मनोहर ने कहां की साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की अनेक इकाइयों में लिपिक स्टाफ की भारी कमी है। मानव संसाधन बजट के अनुसार 1200 से अधिक पद रिक्त हैं। वरिष्ठ कर्मचारियों के लगातार सेवानिवृत होने के कारण दूसरे कर्मचारियों पर कामकाज पड़ रहा है और इससे प्रशासनिक कार्य उत्पादन से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कंपनी को सुझाव दिया गया कि अगर उपरोक्त आधार पर लिपिक के रिक्त पदों पर कर्मचारियों का चयन कर लिया जाता है तो आगे परीक्षा आयोजित करने का नाम पर अनावश्यक तैयारी नहीं करनी पड़ेगी और ना ही खर्च करना पड़ेगा ।

## किसान समस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन



**करतला ।** किसान समस्या निवारण शिविर करतला के छातापाठ प्रांगण ठाकुर देव स्थल में विधायक फूलसिंह राठिया के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। ज्ञात हो वर्तमान में किसानों का धान बिक्री हेतु कृषि रकबा कम कर दिया गया है या तो शून्य कर दिया गया है। किसान चिंतित हैं कि वे अपनी धान सोसायटी में कैसे बेच पाएंगे। इस विषय पर म विधायक ने करतला व कोरबा तहसील के प्रभावित किसानों के समस्या का निराकरण के लिए दोनों तहसील के तहसीलदारों को समस्या सुनकर निराकरण करने निर्देशित किया । शिविर स्थल में करतला तहसील के नायब तहसीलदार देवेंद्र भगत और भैंसमा तहसील के नायब तहसीलदार श्री साहू उपस्थित थे तत्पश्चात करतला तहसील के प्रस्तावित कोलफील्ड्स मदवानी ब्लाक, कलगामार ब्लाक व करतला ब्लाक के नीलामी पर विधायक व उपस्थित जन समूह ने नाराजगी व्यक्त की और विधायक, जनप्रतिनिधियों व उपस्थित जन समूह ने एकमत में नीलामी रद्द करने उपस्थित तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर विरोध व्यक्त किया।

शिविर स्थल में ज्वलंतशील विषय जंगली हाथी के उत्पात पर भी उपस्थित जन समूह ने चिंता व्यक्त किया। सभी सदस्यों ने एक सुर में मांग किया कि फसल नुकसान होने पर 80000 ? प्रति एकड़ मुआवजा, जनहानि होने पर आश्रित को योग्यतानुसार सरकारी नौकरी तथा 50 लाख रुपये मुआवजा दिए जाने राज्यपाल को तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंप कर मांग रखा गया।

इस अवसर पर फूल सिंह राठिया, विधायक 20 रामपुर, मुकेश राठिया, सरपंच कोटमेर, नुकेश राठिया सरपंच कलगामार, दीनानाथ राठिया सरपंच घिनारा, देवेंद्र राठिया सरपंच प्रतिनिधि, करतला, पुष्पेंद्र राठिया सरपंच प्रतिनिधि चोरभट्ठी, दुलार सिंह राठिया करतला क्र.01, घनश्याम राठिया, चोरभट्ठी क्र.02रामायण राठिया, दौलतराम राठिया, जोतराम राठिया, मोहित राम राठिया, त्रिवेणी राठिया, संतोषी राठिया, डॉ कुमार राठिया, मालिक राम राठिया पूर्व सरपंच चाँपा, यशोदाभजन सिंह राठिया, पूर्व सरपंच कलगामार, डिगम्बर सिंह राठिया,जवाहर राठिया,विश्वनाथ पटेल, तोपेश्वर राठिया, संतोषी बाई चौहान, देव प्रसाद राठिया, सुदर्शन राठिया, कपूर राठिया, आशीष, जगमाल, नागेश्वर, बालमुकुंद, अंखाराम, शंकर, शिवकुमार, दिलीप, दीपक राठिया, श्यामदास, शुक्ला दास महंत, ज्ञानसिंह कंवर, दिलेश कुमार, दिलेश्वर यादव, मोहन राठिया, भरोस राठिया, विजय श्रीवास, जितेन्द्र कुमार ईश्वर राठिया बंशीलाल, भोजराम, ममता प्रसाद, चमार राय, संतराम, पर्वत राठिया, गोपाल राजेश, चंद्रभान, गौतम, दीनदयाल, नीरजा बाई, तुलसी बाई, दमयंती, दुर्गा, जानकी, रमशिला, सनकुंवर, सम्पति, सावित्री, हीरामती, परमेश्वरी, रामसिंह, संतोष, देवभजन, भूषण, निरंजन, मनहरण?दास, सुनीता चौहान, कौशिल्या बाई, लक्ष्मी बाई. सनिरो, दूधोबाई राठिया, गोपाल सिंह, सालिकराम, बेलाल राठिया, तिलकराम, गुलाबसिंह, गोविंद राठिया, फूलसिंह राठिया, सत्यम राठिया, खगेश, चंद्रा,कमल, दुग्देव गनपत,गणेश,घुराऊरा,सत्तेसिंह, धनरास, पूरन, महादेव, नत्थूसिंह, ललित, कांति, सुशीला, चंद्रिका, भारती, सिरमोती,सरबती, घसियाराम, आधिराम, अर्जुन, फिरतूराम, बाबूलाल, भारत, सहित बड़ी संख्या में मद्?वानी, कलगामार तराईमार, कछार, चोरभट्ठी, चाँपा करतला, गेरांव, कोटमेर, टिमनभौना, कलगामार, कोई, एवं आसपास के अनेक ग्राम के मातृशक्ति व पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कोहड़िया क्षेत्र के नर्सरी मोहल्ला में बनेगा 5 लाख से मंच



**कोरबा ।** कोरबा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 18 कोहड़िया अंतर्गत छोटे नर्सरी पारा में मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद से ?5 लाख की लागत से प्रस्तावित मंच निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर वार्ड पार्षद एवं भाजयुमो जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन ने पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। इस अवसर पर पार्षद श्री देवांगन ने कहा कि यह मंच निर्माण कार्य क्षेत्र की सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा और स्थानीय जनों के लिए एक सशक्त सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार के सुशासन एवं विकासोन्मुख नीतियों के अंतर्गत कोहड़िया में एक-एक कर जनहित के कार्य पूरे हो रहे हैं, जिससे यह वार्ड एक मॉडल वार्ड के रूप में उभर रहा है।पार्षद नरेंद्र देवांगन ने इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री सह कोरबा प्रभारी मंत्री अरुण साव, तथा कैबिनेट मंत्री सह नगर विधायक लखन लाल देवांगन के प्रति हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति सदस्य कपूर चंद पटेल, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता दरस राम बरेट, शिव चौहान, राकेश यादव, राहुल केवट, कृष्ण कुमार द्विवेदी, रवि पोरते, शैलेंद्र वस्त्रकार, गणेश राम बरेट, झूल साय, श्रीमती सुनीता राव, श्रीमती बबली मरकाम, श्रीमती राजकुमारी महंत, श्रीमती ईश्वरी महंत, श्रीमती ईश्वरी साहू, विनय साहू, श्रीमती रजनी वस्त्रकार, श्रीमती अनीता श्रीवास, श्रीमती ललिता केवट, श्रीमती बसंती चौहान, श्रीमती कांती मंनिवर, श्रीमती नोनी बाई सिदार, श्रीमती रामशिला महंत, कीर्तन नेताम एवं विनय साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गौरव पथ बनेगा शहर की नई लाइफलाइन, जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य



**कोरबा ।** मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत कोरबा शहर के विकास को एक नई दिशा मिलने जा रही है। नगर निगम कोरबा क्षेत्र में लगभग 37 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले गौरव पथ को प्रदेश सरकार ने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह गौरव पथ सीएसईबी चौक से जैन चौक तथा आईटीआई चौक से कोसाबाड़ी चौक तक बनाया जाएगा, जिससे शहर में यातायात सुगम होगा और नागरिकों को आधुनिक सड़क सुविधा मिलेगी।नगर निगम कोरबा की महापौर संजू देवी राजपूत ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव तथा प्रदेश के केबिनेट मंत्री और कोरबा विधायक लखनलाल देवांगन का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति कोरबा शहर के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।महापौर ने कहा कि गौरव पथ का निर्माण पूरा होने के बाद यह मार्ग कोरबा की लाइफलाइन साबित होगा। शहर के मुख्य व्यावसायिक और आवासीय इलाकों को जोड़ते हुए यह सड़क न केवल यातायात की समस्या को दूर करेगी, बल्कि शहर के सौंदर्य में भी चार चांद लगाएगी।श्रीमती राजपूत ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की ट्रिपल इंजन सरकार केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय मिलकर कोरबा के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले दिनों में शहर के बुनियादी ढांचे, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण से जुड़ी कई नई योजनाएं भी लागू की जाएंगी।महापौर ने कोरबा वासियों से अपील की कि वे इस विकास यात्रा में नगर निगम के साथ सहयोग करें ताकि कोरबा को एक स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जा सके। जल्द ही गौरव पथ का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा, जो आने वाले समय में कोरबा के विकास की पहचान बनेगा।

## सहकारी बुनकर भवन में कब्जा कर शराब- गांजा की बिक्री बना ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब

**कोरबा/पाली।** गांव में नशाबंदी लागू होने के बाद भी एक दंपति द्वारा सरकारी भवन पर अवैध कब्जा कर महुआ व आबकारी शराब और गांजा की खुलेआम बिक्री ग्रामवासियों के लिए परेशानी का सबब बनकर रह गया है। दंपति द्वारा दबंगई के साथ नशीले मादक पदार्थों की बिक्री से जूझ रहे ग्रामीणों में इस बात को लेकर खासी नाराजगी है कि मामले की शिकायत करने के बाद भी पुलिसिया कार्रवाई नही होने से शराब- गांजा बेच रहे दंपति के हौसले बुलंद है। पाली थानांतर्गत ग्राम पंचायत डोंगानाला के आश्रित ग्राम गणेशपुर में स्थित सहारा बुनकर सहकारी समिति मर्यादित भवन पर एक दंपति द्वारा गत एक वर्ष से अवैध कब्जा कर लिया है तथा जिस सरकारी भवन में निवासरत होकर आबकारी सहित महुआ शराब व गांजा का खुलेआम बिक्री किया जा रहा है। इस पूरे गांव में नशाबंदी लागू है और यदि गांव के किसी व्यक्ति द्वारा नशीले पदार्थ बिक्री अथवा सेवन करते पाया गया तो उस पर अर्थदंड निर्धारित किया गया है। लेकिन ग्राम के इस नियम को धत्ता बताते और यदि किसी के द्वारा अवैध संचालन का विरोध किया गया तो दबंगई दिखाते शराब-गांजा की बिक्री दंपति द्वारा जारी है। इस पूरे मामले में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे है, क्योंकि ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नशाबंदी अभियान के बावजूद एक पति- पत्नी मिलकर शासकीय भवन पर अवैध कब्जा कर महुआ और आबकारी शराब के साथ गांजा धड़ल्ले से बेच रहे है। जिससे गांव का माहौल बिगड़ता जा रहा है और महिलाएं, छात्राएं वर्ग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। इसकी शिकायत थाने में जाकर करने के बाद भी जिम्मेदार आंखे मूंदे बैठे है, वहीं आबकारी विभाग भी इस गतिविधि को लेकर निष्क्रिय बना हुआ है, जबकि आबकारी का मुखबिर तंत्र काफी सक्रिय बताया जाता है। स्थानीय ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शराब और गांजे की बिक्री पर रोक नही लगाई गई और सहकारी बुनकर भवन को कब्जा मुक्त नही कराया गया तो वे आंदोलन को मजबूर होंगे। वहीं महिलाएं और युवतियां तो इसके विरोध में सड़क पर उतरने की तैयारी कर रही है। पुलिस व आबकारी को चाहिए कि वह इस गंभीर मुद्दे को नजरअंदाज न करें और तत्काल प्रभाव से ग्राम डोंगानाला के गणेशपुर में शासकीय भवन पर कब्जा जमा बेच रहे शराब व गांजा बिक्रेता पर सख्त कार्रवाई करें, साथ ही राजस्व अमला भी सरकारी भवन कब्जा मुक्त कराने की दिशा में संज्ञान लेवे, वरना आने वाले समय मे यह सामाजिक संकट और भी विकराल रूप धारण कर सकता है।

## वैदिक गणित प्रश्न मंच स्पर्धा में आयुष गौरव और शुभांशु हुए विजयी

कोरबा । कोरबा जिले में चार दिनी अखिल भारतीय वैदिक गणित प्रश्न मंच स्पर्धा पंजाब राज्य के जालंधर में आयोजित किया गया।

इस स्पर्धा में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएसईबी कोरबा पूर्व के छात्र आयुष राठौर, गौरव चौहान व शुभांशु देवांगन पहले स्थान पर रहे। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि छात्रों की सफलता विद्या भारती को शीर्ष पटल पर एक उत्कृष्ट स्कूल के रूप में पहचान दिलाई है, जिसे विद्यालय के इतिहास में वर्षों तक याद रखा जाएगा।

छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नानजी भाई पटेल, व्यवस्थापक जोगेश लांबा, कोषाध्यक्ष शंकरलाल टमकोरिया, प्राचार्य राजकुमार देवांगन ने प्रसन्नता जताई है।

## सरदार पटेल ने रियासतों को भारत में शामिल किया: रत्ना

**जांजगीर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर विकासखंड स्तरीय निबंध, चित्रकला, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं उनके जीवन पर आधारित लोक नाटक का आयोजन बीआरसी भवन में किया गया। इसमें मिडिल स्कूल, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने भाग लिया।
आयोजन का शुभारंभ बीईओ रत्ना थवाईत, बीआरसी हीरेन्द्र बेहार, उमेश दुबे, और विक्की चंद्रा के आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता में छात्रों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में निबंध लिखे और शानदार चित्र बनाए। वाद-विवाद प्रतियोगिता में भी छात्रों ने अपनी प्रस्तुति दी। बीईओ रत्ना ने बताया कि वल्लभ भाई पटेल ने भारत के प्रथम गृहमंत्री और उपप्रधानमंत्री के रूप में देश के लिए उत्कृष्ट कार्य किए। उन्होंने भारत की 562 रियासतों को एकजुट कर भारत में शामिल किया था। खेड़ा सत्याग्रह की सफलता के बाद उन्हें लौह पुरुष की उपाधि से संबोधित किया गया। बीआरसी हीरेन्द्र बेहार ने कहा कि इस राष्ट्रीय अभियान का लक्ष्य युवाओं में सरदार पटेल के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देना है। इसका उद्देश्य युवाओं को भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प से जोड़ना है। विजयी छात्रों को अतिथियों द्वारा मोमेंटो प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। निर्णायक दल में उमेश दुबे, सुशील शर्मा, गोविंद सूर्यवंशी, शरद चतुर्वेदी और अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के राहुल शामिल थे। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे।

## एम्बुलेंस ने मालवाहक गाड़ी को मारी टक्कर, 5 घायल

**जांजगीर-चांपा।** जिले के एनएच 49 विवेकानंद मेन रोड पर तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने सड़क किनारे खड़ी मालवाहक गाड़ी को सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में एम्बुलेंस ड्राइवर सहित कुल 5 लोग घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है।
जानकारी के अनुसार, मारकंडा निवासी पंचराम केवट और ठंडाराम अपने रिश्तेदार उमेदमति केवट (85) के साथ एम्बुलेंस में थे। उमेदमति के हाथ में फ्रैक्चर और सीने में समस्या होने के कारण उन्हें चांपा के नायक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने फ्रैक्चर का इलाज करने के बाद सीने के एक्सरे के लिए उन्हें जांजगीर भेजा था।

# कलेक्टर महोबे ने योजनाओं की समीक्षा को बेमतलब बताया, फील्ड पर काम जरूरी

**जांजगीर।** सोमवार को समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि अब फाइलों से नहीं, फील्ड से जवाब चाहिए। बैठक में शिक्षा विभाग का मुद्दा उठने पर उन्होंने कहा कि स्कूलों में छात्रों से झाड़ू लगवाना, सफाई या अन्य गैर-शैक्षणिक कार्य कराना अस्वीकार्य है। इसके लिए शासन विशेष फंड भेजता है, उसका उपयोग करें। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि शिक्षकों के आचरण और जिम्मेदारी पर अब ट्रेनिंग सेशन आयोजित किए जाएंगे।
कलेक्टर ने कहा कि कई शिक्षक पढ़ाने से ज्यादा शिकायतों में समय लगाते हैं। यह स्थिति अब नहीं चलेगी। शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया कि स्कूलों में बच्चों के साथ अनुशासन, आचरण और संवेदनशील व्यवहार को लेकर अलग प्रशिक्षण कराया जाए। उन्होंने साफ कहा कि विभाग की जिम्मेदारी सिर्फ शिकायत दर्ज कराना नहीं, बल्कि समाधान देना है। वायरल वीडियो या



शिकायत मिलने पर सीधे जिम्मेदार पर कार्रवाई होगी। स्कूलों में स्वच्छता और आचरण सुधार पर विशेष फोकस करने को कहा गया।
स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि कई कॉलोनियों में बने आवास और वॉटर स्ट्रक्चर उपयोग में नहीं लाए जा रहे, जो चिंता का विषय है। उन्होंने निर्देश दिया कि मेडिकल कॉरपोरेशन के अधूरे कार्यों को जल्द पूरा कर सिविल सर्जन को उपयोग के लिए सौंपा जाए। जहां निर्माण में गड़बड़ी है, वहां सुधार के लिए शासन से अतिरिक्त बजट का प्रस्ताव तुरंत भेजा जाए।
कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रत्येक पंचायत और नगरीय निकाय में शिविर लगाकर आम जनता को आवेदन से लेकर इंस्टॉलेशन तक की जानकारी देने को कहा। रोजगार और ऋण मेला के आयोजन पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं को नौकरी और स्वरोजगार से जोड़ना प्राथमिकता है। अधिकारियों को तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, आर.के. तंबोली सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।
कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए कि सभी शैक्षणिक और सरकारी संस्थानों में शिकायत पेटी की व्यवस्था अनिवार्य की जाए। उन्होंने कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है और बच्चों व महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है, इसे गंभीरता से लिया जाए।

## पैसे नहीं देने पर झूठा केस बना युवक को जेल भेजा

**हसौद।** हसौद थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक और आरक्षक पर झूठा केस बनाकर निर्दोष को जेल भेजने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता राम भगत मित्तल ने एसपी कार्यालय सक्ती में लिखित शिकायत देकर जांच की मांग की है। उन्होंने ऑडियो रिकॉर्डिंग और सीसीटीवी फुटेज सबूत के तौर पर सौंपे हैं।
राम भगत ने बताया कि उनके भाई महेंद्र मित्तल को पुलिसकर्मियों ने 70 लीटर कच्ची महुआ शराब रखने के झूठे आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। महेंद्र घरेलू काम से हसौद आए थे, तभी पुलिस ने उन्हें बाजार से उठाया और बाइक थाने में रखवा दी। करीब डेढ़ घंटे तक घुमाने के दौरान उनसे 1 लाख रुपए की मांग की गई। पैसे नहीं देने पर पुलिसकर्मियों ने एक ड्राइवर को फोन कर पप्पू ढाबा बुलाया, जहां बोरी और लिफाफा लाकर झूठा जब्ती प्रकरण तैयार किया गया। राम भगत ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में शराब की बोरी नहीं दिखी और बाद में कैमरा बंद कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधान आरक्षक अश्वनी जायसवाल और आरक्षक नंदू राम साहू ने पहले भी उनसे पैसे मांगे थे और इनकार करने पर उनके भाई को फंसा दिया।

# सोशल मीडिया पर चलाएंगे जागरूकता अभियान



**जांजगीर।** भाजपा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) को जनआंदोलन के रूप में चलाने का आह्वान किया है। शनिवार को जांजगीर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में पार्टी ने इस अभियान को घर-घर पहुंचाकर प्रत्येक परिवार के नाम का दो बार मिलान करने के निर्देश दिए। इस प्रक्रिया के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।
भाजपा जिला स्तर पर प्रभारियों और संयोजकों की नियुक्ति कर चुकी है। कार्यकर्ताओं को एसआइआर अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। पार्टी ने कहा कि यह अभियान केवल मतदाता सूची शुद्ध करने तक सीमित नहीं है, बल्कि बूथ समितियों को और सशक्त बनाने का भी माध्यम है। प्रदेश उपाध्यक्ष व भाजपा नेता चंदेल ने कहा कि कांग्रेस के दुष्प्रचार के बीच भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि मतदाता सूची पूरी तरह पारदर्शी और शुद्ध हो। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने हमेशा फर्जी मतदान को बढ़ावा दिया है। अब हमारा लक्ष्य है कि इस अभियान के माध्यम से ऐसे फर्जी मतदाताओं को चिन्हित कर रोका जाए। उन्होंने यह भी बताया कि अगले 100 दिनों में भाजपा कार्यकर्ताओं की सक्रियता जिले की राजनीतिक दिशा तय करेगी। प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रशांत सिंह ठाकुर ने कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान को फैलाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया।
उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर केवल सही और सटीक जानकारी साझा की जाए और भ्रामक प्रचार-प्रसार से बचा जाए। कार्यकर्ताओं को आम जनमानस तक एसआइआर की सही जानकारी पहुँचाने और जागरूकता बढ़ाने का जिम्मा दिया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में नगर पालिका अध्यक्ष रेखा गढ़वाल, नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष अर्चना देवांगन, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, जिला मंत्री संतोषी दुबे, मंडल अध्यक्ष हितेश यादव सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मांग-निस्तारी तालाब में मछली पकड़ने पर रोक लगाएं

**अकलतरा।** ग्राम कापन स्थित निस्तारी तालाब में नियमों की अनदेखी कर मछली पकड़ने का मामला सामने आया है। गांव के कुछ लोग जाल बिछाकर मछली पकड़ रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों को नहाने और कपड़े धोने में परेशानी हो रही है।
ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत में कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तालाब में मछली पकड़ना पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसे मछली पालन के लिए ठेके पर नहीं दिया जाता। इसके बावजूद कुछ लोग नियमों का उल्लंघन कर मछली पकड़ रहे हैं, जिससे तालाब की सुरक्षा और ग्रामीणों की दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

## 36 लाख कीमत की सोने की चैन लेकर भागे आरोपी, पुलिस जुटी जांच में

**रिगनी-खरौद।** नगर पंचायत खरौद के मुख्य बाजार स्थित ज्वैलर्स में सोमवार दोपहर उठाईगिरी की वारदात हुई। युवकों ने सोने की चेन देखने के बहाने दुकान में प्रवेश किया और मौका पाकर सोने चेन लेकर फरार हो गए। दुकान संचालक के अनुसार डिब्बे में करीब 300 ग्राम सोने की चेन थी, जिसकी कीमत लगभग 36 लाख रुपए है।
घटना के समय एसके ज्वैलर्स के संचालक भूरेलाल सोनी और स्टाफ मौजूद थे। दोपहर करीब 1 बजे बिना नंबर की पल्सर बाइक पर सवार दो युवक दुकान पहुंचे। उनमें से एक दुकान के अंदर गया और चेन दिखाने को कहा। जब संचालक चेन दिखा रहे थे, तभी एक युवक ने डिब्बे में रखी सभी चेन उठाई और बाहर भाग निकला। फिर इंतजार कर रहे साथी के साथ बाइक पर सवार होकर बिलासपुर की दिशा में फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक आरोपी ने काली टोपी, सफेद शर्ट और लाल रंग का बैग टांगा हुआ था। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही खरौद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र में नाकाबंदी कर दी। दुकान में लगे सीसी कैमरे में पूरी वारदात कैद हो गई है, जिसमें एक आरोपी का चेहरा स्पष्ट दिख रहा है। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और आसपास के कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।
वारदात में बिना नंबर प्लेट की बाइक का इस्तेमाल बदमाशों ने वारदात को योजना बनाकर और बिना नंबर प्लेट की बाइक का इस्तेमाल कर अंजाम दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई, जिसमें एक आरोपी के चेहरे साफ दिख रहे हैं।

## वन भूमि पर हटाया गया कब्जा

**जांजगीर।** बलौदा वन परिक्षेत्र के आर.एफ. 55 कटरा परिसर में वन भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए वन विभाग ने कार्रवाई की। यह अभियान उड़नदस्ता दल द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी एसपी राठिया के नेतृत्व में चलाया गया।
वनमंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे के निर्देश पर वन भूमि पर बनी अवैध झोपड़ियों और झालों को हटाया गया। कुल 0.614 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों को वन भूमि के महत्व और अतिक्रमण के दुष्परिणामों के बारे में समझाया गया तथा स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रेरित किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी एसपी राठिया ने बताया कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण वन अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि विभाग समय-समय पर इस तरह की कार्रवाई करता है और वन क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे वन भूमि पर अवैध कब्जा या निर्माण से बचें।

# शराबियों ने की मारपीट चार गिरफ्तार

**जांजगीर।** थाना जांजगीर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रास्ता रोककर शराब पीने के लिए पैसे मांगने और मना करने पर युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त रॉड, डंडा और मोटरसाइकिल भी जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों में रामजी रत्नाकर उर्फ बड़े गुड्डू (40 वर्ष), वीरेंद्र कुमार लसार उर्फ छोटू (29 वर्ष), नंद किशोर मार्चे उर्फ ददुआ (22 वर्ष) और मनोज कुमार रत्नाकर (26 वर्ष) सभी निवासी ग्राम धुरकोट, थाना जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा शामिल हैं।



मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित संजोग कुमार बरेठ निवासी नवाभाठा धुरकोट ने थाना जांजगीर में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार, 8 नवंबर 2025 को वह अपने साथी लालू उर्फ अंतराम के साथ मोटरसाइकिल से घर जा रहा था। इस दौरान ग्राम धुरकोट के बिजली ऑफिस के पास गांव के चारों आरोपी दो मोटरसाइकिल में पहुंचे और प्रार्थी की बाइक रोक ली। उन्होंने शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। जब प्रार्थी ने पैसे देने से मना किया तो सभी ने मिलकर रॉड और डंडे से उस पर व उसके साथी पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आईं और आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही थाना जांजगीर पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तुरंत अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ की। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए सभी आरोपियों की घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया, जिसके बाद उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर धारा 126(2), 119(1), 108, 3(5) बी.एन.एस. के तहत कार्रवाई की गई।

## जुआ अड्डे पर पुलिस ने रैड कर हजारों की रकम के साथ आरोपियों को दबोचा

**जांजगीर-चांपा।** जिले के चांपा थाना क्षेत्र के कैलाश नगर में स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ खेलते हुए 7 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 56,450 रुपये नकद और ताश के 52 पत्ते बरामद किए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने सभी थाना प्रभारियों को अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के सख्त निर्देश दिए थे। इसी क्रम में, चांपा पुलिस टीम को गश्त के दौरान कैलाश नगर में स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ खेले जाने की सूचना मिली थी।
सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर जुआ खेल रहे सातों व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ा। जुए के अड्डे से कुल 56,450 रुपये नकद और ताश की गड्डी जब्त की गई।चांपा थाने में सभी 7 जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार किए गए जुआरियों के नाम इस प्रकार हैंदिनेश राठौर पिता बजरंग राठौर उम्र 41 वर्ष निवासी कैलाश नगर, चांपा,सूरज ठाकुर पिता मुन्ना सिंह ठाकुर उम्र 29 वर्ष निवासी कैलाश नगर, चांपा, बिंदेश्वर गोपाल पिता विश्वनाथ गोपाल उम्र 45 वर्ष निवासी बरपाली चौक, चांपा,विक्रम पिता शिव कुमार सिंह राजपूत उम्र 45 वर्ष निवासी कचरा गोदाम, चांपा, संदीप उर्फ संजू यादव पिता त्रिभुवन यादव उम्र 29 वर्ष निवासी बिजली ऑफिस के पास, चांपा, रवि यादव पिता अजय यादव उम्र 31 वर्ष निवासी बरपाली यादव मोहल्ला, चांपा,निखिल कर्ष पिता शांतिलाल कर्ष उम्र 26 वर्ष निवासी जवाहरपारा, चांपा।

## स्कूल में लगाया शिविर, 18 लोगों ने रक्तदान किया, हेलमेट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान

**अकलतरा।** सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन द्वारा नरियरा के रियल ग्रोथ पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक करने के साथ यातायात सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई। शिविर में युवा दंपती समीर राठौर और उनकी पत्नी रोहिणी राठौर ने भी रक्तदान कर लोगों के सामने मिसाल पेश की। रक्तदान करने वाले लोगो को हेलमेट और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह,सचिव चिराग शर्मा, सदस्य प्रशांत कोटनगले एवं नगर के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता अमर सुल्तानिया बोले - सशक्त बेटियाँ ही प्रगति का आधार, सरस्वती साइकिल योजना से शिक्षा की राह हुई सुगम

### शा.उ.मा.विद्यालय बनारी में हुआ निःशुल्क साइकिल वितरण, छात्राओं के चेहरे खिले खुशी से

**जांजगीर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनारी में 10 नवम्बर को नि:शुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। जिसमें 24 छात्राएं लाभान्वित हुईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता, जनसेवक एवं हरि लीला ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आलोक पाण्डेय ने की। कार्यक्रम में सरपंच देवनारायण सिदार, जनपद सदस्य अनीता राजू लाठिया, विधायक प्रतिनिधि चंद्रमणि गढ़ेवाल एवं सरपंच प्रतिनिधि अंकित साव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा नेता अमर सुल्तानिया ने कहा कि सशक्त बेटियाँ ही प्रगति का आधार हैं।
विद्यालय में सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य राहुल देव दिवाकर के स्वागत उद्बोधन के पश्चात अतिथियों ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए शासन की सरस्वती साइकिल वितरण योजना को बालिकाओं की शिक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमर सुल्तानिया ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि बेटियाँ जब सशक्त होंगी, तभी समाज सशक्त होगा। शासन की यह योजना न केवल छात्राओं को विद्यालय तक पहुँचने में सुविधा देती है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता



और आत्मविश्वास की राह पर अग्रसर करती है। उन्होंने छात्राओं को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।
कार्यक्रम में कक्षा 9वीं की 24 छात्राओं — आस्था, छाया, गरिमा, रोशनी, सलीता प्रधान, संजना, आरती, प्रिया, साक्षी, आंचल, आराधना, बबीता, चंचल, दीक्षा, काजोल, किरण, निशा, पायल, प्राची, रितु, सुमन, तान्या, हिमांशी, आरती — को अतिथियों के करकमलों से साइकिल प्रदान की गई। विद्यालय परिवार के शिक्षकों सुनीता राठौर, मनीषा गुप्ता, गरिमा पांडे, विवेक साव, राजेश तंबोली, मूरीतराम चंद्रा, आशीष देवांगन ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।
मंच संचालन व्यायाम शिक्षक केशव चंद्र साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन राजेश तंबोली द्वारा किया गया।

# 137 गांवों के लोगों को अपनी जमीन का सर्टिफिकेट नहीं मिला

**जांजगीर।**जांजगीर जिले में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को संपत्ति का स्वामित्व देने की प्रक्रिया अटक गई है। सर्वे ऑफ इंडिया से आबादी भू-नक्शा(मैप) समय पर न मिलने के कारण 137 गांवों के लोगों को अभी तक अधिकार अभिलेख नहीं मिल पाए हैं। हालांकि योजना के तहत दो साल के भीतर 14306 हितग्राहियों का अधिकार अभिलेख जारी हो चुका है।
गांवों की आबादी भूमि में रहने वाले लोगों को भू-स्वामित्व का अधिकार देने के लिए केंद्र सरकार ने चार साल पहले वर्ष 2020 में पंचायती राज दिवस के अवसर पर स्वामित्व योजना की शुरुआत की थी। इसके लिए गांव-गांव में राजस्व विभाग की टीम ने ड्रोन मैपिंग भी कराई। जिले में 410 गांवों के ग्रामीणों को संपत्ति पर अधिकार अभिलेख और स्वामित्व प्रमाण पत्र देने की योजना बनाई गई थी। सालभर के भीतर 405 गांवों की आबादी भूमि का सर्वे ऑफ इंडिया से मैप-1 प्राप्त हुआ है, जबकि 310 गांवों की आबादी भूमि का अधिकार अभिलेख(मैप-2) का प्रारंभिक प्रकाशन हो चुका है।
योजना का उद्देश्य था कि ड्रोन की मदद से गांव की आबादी भूमि का नक्शा तैयार किया जाए और लोगों को उस पर स्वामित्व प्रमाण पत्र दिया जाए। 6आबादी क्षेत्र का रहेगा पूरा रिकार्ड- गांव में हजारों लोग वर्षों से बसे हैं। गांवों में लोग पुरखों के जमाने से मकान बना रह रहे हैं, पर जहां वे रह रहे हैं, उसका रिकॉर्ड नहीं है। एक ही खसरा नंबर पर बड़ी संख्या में लोग बसे हैं। कोई नाप या पैमाना नहीं है कि किसकी कितनी जमीन है। ऐसी ही जमीन को आबादी क्षेत्र कहा जाता है। इस योजना के तहत आबादी क्षेत्र रिकार्ड तैयार किया जा रहा है।

## जमीन विवाद: युवक ने की खुदकुशी, 4 पर केस

**जांजगीर।** ग्राम धुरकोट में जमीन बंटवारे के विवाद से परेशान एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना 28 जून की रात की है। पुलिस ने धुरकोट निवासी चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।
धुरकोट निवासी रोहित सूर्यवंशी अपनी पत्नी लव कुमारी और चार बच्चों के साथ अपने गांव में ही सास-ससुर के घर में रहता था। परिवार में जमीन का बंटवारा नहीं हुआ था, जिससे भाइयों के बीच विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन रोहित पत्नी और बच्चों के साथ ग्राम जोगीडीपा शादी में गया था। वहां से वह अकेले धुरकोट लौट आया। देर रात उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रोहित के ससुर नेतराम सूर्यवंशी ने पुलिस को बताया कि रात में रोहित ने फोन कर कहा था कि उसके भाई जितेंद्र, महेंद्र और चाचा बिहारी, गिरधारी जमीन के हिस्से को लेकर उसे परेशान कर रहे हैं। उन्होंने बेल्ट और हाथ-मुक्के से मारपीट की है। वह बहुत दुखी है और अब गांव में नहीं रहना चाहता। कुछ देर बाद परिजन ने उसे घर ले गए, जिसके बाद उसने जहर खा लिया। रोहित की पत्नी लव कुमारी सूर्यवंशी ने थाना में लिखित शिकायत दी कि उसके पति को परिजनों ने जमीन की बात को लेकर प्रताड़ित किया, मारपीट की और लगातार अपमानित किया, जिससे दुखी होकर उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने चारों आरोपियों जितेंद्र, महेंद्र, बिहारी और गिरधारी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध दर्ज किया है।

न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ.(रा.)
कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-2/2025-2026
ग्राम खरमोरा प.ह.नं.-20
तहसील कोरबा जिला कोरबा छ.ग.

// ईश्तहार//

एतद द्वारा आम जनता की सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती तारा चौहान पति श्री श्याम कुमार चौहान जाति गांड़ा (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम अचरितपाली तह. मालखरौदा जिला सक्ती, हा.मु. एमआईजी 1/87 एम.पी. नगर विस्तार निहारिका तह. व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम खरमोरा प.ह.नं. 20 तहसील कोरबा जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 143/3 रकबा 0.012 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने बाबत बी-1, खसरा, नक्शा, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति, बिल्डिंग, का साइड प्लान, गूगल मैप एवं शपथ पत्र सहित आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 18/11/2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 03/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
सक्षम प्राधिकारी /अ.वि.अ.(रा.)
कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

## अनमोल वचन......

पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है!

# कर्ज का बोझ

*साल 2019 के बाद से भारतीय परिवारों की औसत संपत्ति 48 प्रतिशत बढ़ी है, लेकिन इसी दौरान उपर कर्ज का बोझ 102 फीसदी बढ़ गया है। इसके पहले भारतीय परिवारों की बचत में भारी गिरावट के तथ्य सामने आ चुके हैं।*

*परिवारों में बचत की घटी क्षमता के कारण उन पर कर्ज बढ़ने और उनकी संपत्ति घटने के रुझान ने अब और ठोस रूप ले लिया है। कोरोना काल के बाद से ही यह प्रवृत्ति उजागर होने लगा थी, जो लगातार गंभीर होती जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक की एक ताजा रिपोर्ट ने इसी बात की पुष्टि की है। इसमें बताया गया है कि 2019 के बाद से भारतीय परिवारों की औसत संपत्ति 48 प्रतिशत बढ़ी है, लेकिन इसी दौरान उपर कर्ज का बोझ 102 फीसदी बढ़ गया है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तुलना में देखें, तो 2019-20 से 2023-24 तक हर साल भारतीय परिवारों की वित्तीय संपत्ति जीडीपी के 12 प्रतिशत के बराबर रही। लेकिन 2024-25 में यह घट कर 10.8 फीसदी हो गई।*

*जबकि 2019 में जहां परिवारों की वित्तीय देनदारी जहां जीडीपी के 3.9 प्रतिशत के बराबर थी, वह 2024-25 में 4.7 फीसदी तक पहुंच गई। इसके पहले रिजर्व बैंक की रिपोर्ट से ही यह जाहिर हुआ था कि भारतीय परिवारों की बचत में कोरोना काल के बाद भारी गिरावट आई है। फिर बचत के निवेश में उनकी प्राथमिकताएं भी बदली हैं। हालांकि बैंकों में बचत को जमा कराने का चलन अभी भी है, मगर पिछले कुछ वर्षों के दौरान मुचुअल फंड्स औसत परिवारों की खास पसंद बने हैं। बहरहाल, खास पहलू बचत में गिरावट है, जिस वजह से पर्सनल या अन्य ऋण लेकर जरूरी खर्चों को पूरा करने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है।*

*संपत्ति में गिरावट का संबंध भी बचत से है। एक तर्क यह हो सकता है कि बचत में कमी उपभोग की बढ़ी प्रवृत्ति के कारण आई है। मगर यह आंशिक सच ही है। जिस दौर में तमाम दूसरे आंकड़े आमदनी गतिरुद्ध होने अथवा ऊंची मुद्रास्फीति के दौर में वास्तिवक आय में गिरावट का संकेत देते रहे हैं, और बाजार में कमजोर मांग को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं, अधिक उपभोग की बात गले नहीं उतर सकती। बल्कि गैर-बराबरी बढ़ा रही अर्थव्यवस्था इस स्थिति के लिए अधिक जिम्मेदार मालूम पड़ती है, जिसमें आबादी के विशाल हिस्से के लिए रोजमर्रा की आर्थिक चुनौतियां गंभीर हो गई हैं।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे, आपको काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारियां दी हुई हैं उसे आप आसानी से निभा लेंगे। इस राशि के जो लोग फर्नीचर का व्यापार कर रहे है, उन्हें उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा।

**मिथुन राशि :** कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में आज आपको शांत मन से सोचने की जरूरत है, परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। आज भाई अपने काम में आपकी मदद मांगेंगे। समाज में आज आप अपने बढ़िया कार्यों के कारण पहचाने जाएंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहें छात्रों को सीनियर्स का सहयोग मिलेगा।

**कर्क राशि :** आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे, जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। कुछ विरोधी आपके काम में समस्याएं डालने की कोशिश कर सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति आपको अपना स्वभाव सुधारना होगा।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है, इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको पैसों की जरूरत पड़ सकती है। आज आपको बेवजह की उलझने लेने से बचने की जरूरत है।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यापार की गति थोड़ी धीमी होने से उलझन होगी, लेकिन बाद में अच्छा लाभ मिलने से उनकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आप आज किसी से अपने मन की बातों को शेयर करेंगे और वह आपकी बातों को अहमियत देगा।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे। जीवन में संतुलन बनाए रखने की कोशिश करेंगे। आज किसी कामों को सही तरीके से पूरा करने की कोशिश करें। आपको अपने पद और आय को एक समान या बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। लोगों की नजरों में आपकी पॉजिटिव इमेज बनेगी। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपको समझ नहीं आएगा कि किसे पहले करें और किसे बाद में। कंप्यूटर के स्टूडेंट्स को कुछ अच्छा सीखने का मौका मिलेगा। आज आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच करेंगे। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं, जहां आप तोल मोलकर बोले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी योजनाएं बनाएंगे, जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। पारिवारिक समस्याओं को सॉल्व करने में बड़े-बुजुर्गों का सहयोग प्राप्त होगा। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को आज बड़ा मुनाफा होगा।

**कुंभ राशिः** आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगे। लवमेट आज साथ में समय बिताएंगे। रुका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। आज आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी।

**मीन राशि :** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिए आपको ओवर टाइम करना पड़ेगा। रुपए- पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जाएंगे। टूर-एंड-ट्रेवल्स संबंधी कार्यों में अच्छा लाभ होगा। आज आपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।

# मोदी-अडानी-अंबानी पर भरोसा रखो

//हरिशंकर व्यास//

**आंखें थकती नहीं। दिमाग रुकता नहीं। तब भला बुढ़ापा कैसा होगा। मैं बूढ़ा नहीं हूं, लेकिन उम्र सत्तर की है। और दिमाग ने लगभग पचास साल भारत और भारत के लोगों पर गौर करते हुए बिताए हैं तो शायद यही वजह है जो कोई दिन ऐसा नहीं आता जब यह सवाल मन में न उठे कि आखिर हम लोग क्या मनुष्य और पशु में फर्क समझते हैं। फर्क है भी या बस शब्दों का छलावा है। मैं कल कोई बारह घंटे दिल्ली से 150 किलोमीटर दूर गया और लौटा। और सफर ने फिर याद दिलाया कि देश में सचमुच हवा याकि सांस में जहर साल-दर-साल घना होता जा रहा है।**

सुबह साढ़े दस बजे घर से निकला। फिर भी घर से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर जैसे-जैसे गाड़ी बढी तो अलवर से आगे राजगढ़ तक धुएं-जहरीली हवा की मोटी परत में बेचारा सूरज मटमैला मरा पड़ा था। हवा का प्रदूषण इतना गहरा और सघन कि कार के अंदर एसी चलने के बावजूद सांस घुटती हुई। गुरुग्राम से लेकर सोहना और फिरोजपुर झिरका तक ऐसा लगा मानों शरीर हवा नहीं, धूल खींच रही हो। गजब यह कि दिल्ली से लगभग डेढ़ सौ किलोमीटर के बाद जा कर राजगढ़ में सूरज धूल-धुएं की दीवार को चीरता हुआ प्रकट हुआ—थका सा, मगर जीवित।

इसके बाद नए अनुभव। एक्सप्रेसवे से नीचे उतरा तो अहसास हुआ कि आज देवउठनी ग्यारस है। गांवों की सड़कों पर आस्था और उत्सव की भीड़ थी। बड़े पैमाने पर आयोजित सामूहिक विवाह और मंदिरों की ओर जाती भीड़, और लाउडस्पीकर-डीजे भी। लौटते वक्त मैंने जो देखा, वह अकल्पनीय था। जनरेशन अल्फा के बच्चे (यानी जेड के बाद की वह नई पीढ़ी जो अभी आठ्‌बारह साल की है) फुटपाथ के किनारे, धुल में लुढ़कते मंदिरों की ओर जा रहे थे। मिट्टी गंदी और कचरा लिए हुए। विश्वास-आस्था उसी मिट्टी में लुढ़क रहा था जो खुद गंदगी में दम घोंट रही थी।

फिर एक और हकीकत खुली। मैं बाहर जाता हूं तो बोतलबंद पानी जरूरी होता है। आखिर रास्ते में याकि सार्वजनिक जन धर्म में अब कही भी पेयजल का नल नहीं दिखता है। यह विकसित भारत की सचमुच सच्चाई है। हम गाड़ियों को उछलवाता-कूदाता एक्सप्रेसवे बनवा रहे है पर उसके किनारे की चाईनीज सामानों की साजसज्जा के आलीशान ठहरावों में पेयजल का एक नल नहीं मिलेगा। तभी हर किसी के हाथ में बोतलबंद पानी की बोतल अनिवार्य है। इसलिए भी क्योंकि भारत में जल भी अब जल नहीं रहा है। वह एक धंधा है। संकट है इसलिए दुर्लभ वस्तु बन महंगा बिकता है।

एक और ऑब्जर्वेशन। गांव-देहात में (अलवर-दौसा पट्टी में) सड़क किनारे की गुमटियों में कोल्ड ड्रिंक डिव्यू की दो लीटर वाली बोतलें बेइंतहां दिखलाई देती हैं। मजदूर हों या किसान, सभी की आदत सी हो गई है जो फुरसत या चाय ब्रेक में इस कथित कोल्ड ड्रिंक की बोतल को कागज़ के गिलासों में भरकर पीते हैं। चाय की जगह अब 'डिव्यू पानी'। लगा यह तो अमृतकाल ही है। भला पानी की जगह गरीब भी पैकेज बोतल का सोडा या खटा-मीठा अमृत घटक रहा है! मोदीजी के विकसित भारत के समय का अमृत गरीब का भी टाइमपास है, एक चस्का है!

कुछ वैसे ही जैसे दिल्ली के पॉश वसंत कुंज में फ्लैटों के पिछवाड़े की गलियों में पानी की टंकियों के सूने इलाके में नौजवान जनरेशन के लड़के-लड़कियों के बहके चेहरे दिखते हैं या गटकी शराब की बोतलों और कचरों का ढेर दिखता है। इसी वसंत कुंज में दो दिन पहले अचानक (पहली बार) घर के बाहर रात में छोटे-छोटे बच्चे (कलाई पर काले धागे बांधी जरनेशन अल्फा) भूतिया रूप (हैलोवीन मनाते हुए) में दिखलाई दिए थे। सो, एक दिन पहले हैलोवीन मनाते बच्चे तो उससे डेढ़ सौ किलोमीटर दूर मिट्टी में लुढकती दर्शनार्थी जनरेशन अल्फा के चेहरे! उधर गरीब-मजदूर-किसान की डिव्यू की ड्रिंक का नजारा। सभी दृश्य दिल-दिमाग में उमड़ते-घुमड़ते ये सवाल बना गए कि हम आखिर ऐसे कैसे हैं जहां क्या तो हवा, मिट्टी, पानी है और कैसा क्या मानस है, जिसे अहसास ही नहीं है कि वह क्या खाता-पीता और हवा लेता हुआ है और शरीर क्या-क्या भुगतता हुआ है? जब मैं जन्मा था, और मेरा जो बचपन था तब मैंने रोटी, कपड़ा, मकान की आवश्यकता में भारत के लोगों के संघर्ष को सुना था। आज क्या है? अब हवा, पानी और मिट्टी के लिए लोगों का बेसुध संघर्ष है।

मैं शब्दों की खेती के साथ-साथ मिट्टी में कुछ असली खेती भी करता हूं। एक 'ऑर्गेनिक शगल'। इसने मुझे गहराई से बताया है कि भारत की मिट्टी अब रसायनों में मटियामेट हो चुकी है। मिट्टी अब वह धरती नहीं है जो जीवन देती थी। वह धीरे-धीरे ज़हर उगलती है। यही कारण है जो चिकित्सा का धंधा सबसे अधिक फल-फूल रहा है।

कुछ महीने पहले मैंने एक डायटीशियन से पूछा था—हमारे घर में लोग चाय में खूब चीनी डालते थे, मिठाई खाते थे, पर किसी को डायबिटीज नहीं थी। मेरी 96 साल की बुआ आज भी स्वस्थ हैं, न उन्हें दिल की बीमारी, न डायबिटीज। पर मैं, जो पैदल चलता हूं, सावधानी रखता हूं, डायबिटिक हूं। क्यों।

उसका जवाब सपाट था—आपके बुजुर्गों ने फैक्टरी में बना, प्रोसेस हुआ खाना नहीं खाया था। उनका आटा, दाल, तेल, मसाले सब घर में पिसे या स्थानीय थे। उनका खानपान प्रोसेस्ड नहीं था। वे धुआं, गंदा पानी और रासायनिक खाद से पला अनाज नहीं खाते थे।

और मेरा मानना है कि यह कहानी, तब और अब के फर्क की वह हकीकत है जो अंग्रेजों के समय से ले कर 1960 तक जन्मे हर भारतीय की यादों में है।

तभी यक्ष प्रश्न है। बचपन की आंखों देखी और आज के कथित विकसित भारत, अमृतकाल, अंबानी-अडानी काल के समय की भारत तस्वीरों का लब्बोलुआब क्या है। पहली जरूरत, कब अंबानी-अडानी भारत के लोगों को ऑक्सीजन सप्लाई करना शुरू करेंगे? दूसरी जरूरत-कब नदियों के किनारे हमें भी वह शुद्ध जल मिलेगा जो सुना है हाल में छठ के पर्व पर दिल्ली में यमुना किनारे नरेंद्र मोदी की छठ पूजा के लिए संग्रहित हुआ था। हां, सोशल मीडिया में चर्चा रही है कि छठ के लिए यमुना की प्रायोजित साफ-सफाई में प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक ऐसा अलग खास बाड़ा बना था, जिसमें बोतलबंद जैसा पानी भरा गया। हालांकि फिर मोदी ने उसमें उतरने का इरादा छोड़ा क्योंकि स्क्रिप्ट-निर्देशन अनुसार सेट और फोटोशूट कुछ बिगड़ गया था।

मुद्दा है कि छठ या कुंभ या ऐसे कार्यक्रमों में जब माईबाप सरकार वीवीआईपी के लिए जल भंडारण कर गंगा-यमुना में जल के पवित्र छोटे-छोटे जलाशय बना सकती है तो 140 करोड़ लोगों के बोतलबंद पानी के दिन कब खत्म होंगे। गंगा जल या जल कब स्वच्छ-सुलभ होगा। कोई न माने इस बात को लेकिन सत्य है कि हर शहर, हर आबादी पीने लायक पानी के लिए फड़फड़ाती हुई है। आरओ घर-घर पहुंच गया है और उस पानी में मिनरल, उसकी नैसर्गिक बुनावट को ले कर दस तरह के सवाल हैं! स्वतंत्र भारत ने 1947 से लेकर 2025 तक जल और उसकी आपूर्ति, उसकी स्वच्छता पर खरबों रुपए खर्च किए। मगर जल और बिगड़ा। मेरा मानना है कि मेरे बचपन में कुएं, बावड़ी और राजे-रजवाड़ों के समय की पाइप लाइन का पानी मिट्टी के घड़ों के जरिए जितना पीने लायक था वह आज की डिब्बाबंद बोतलों से भी अधिक शुद्ध और मानव शरीर अनुकूल था।

तभी सोचें, बीस-तीस साल बाद भारत की आबादी जब 160-170 करोड़ लोगों की होगी तब उनकी जरूरत के पानी, हवा और मिट्टी की सेहत कैसी होगी।

पर सच कहूं, तो अब किसी को फर्क नहीं पड़ता। दिल्ली का गैस चेंबर हर साल नया रिकॉर्ड बनाता है, पर लोग क्या करते हैं। सेल्फी लेते हैं। एक-दूसरे को दिखाते हैं और भागने या बचने या छुपाने के नुस्खे सुझाते है! किसे फर्क पड़ रहा है दिल्ली के गैस चेंबर में घुटती सांसों से। शायद इसलिए भी कि हमने सदियों की गुलामी में गंदी हवा में सांस लेना सीख लिया है तो अब चाहे हवा में ज़हर हो या धुआं या पानी-मिट्टी खराब, क्या फर्क पड़ता है। कल, देवउठवनी ग्यारस के दिन मंदिर की और लुढ़कते और उससे एक दिन पहले हैलोवीन के भूत बने जनरेशन अल्फा के बच्चों को देख मेरे मन में एक ही भाव उभरा, हम लुढ़कने के लिए ही हैं! हमारे हाथ-पांव पुरुषार्थ की मेहनत में रंगते नहीं हैं तो दिमाग में बुद्धि, विवेक खिलता ही नहीं! हम गैस चेंबर में घुटते रहेंगे तो निदान इतना ही समझ आएगा कि प्रदूषण को मापने वाले यंत्रों को बंद करा दो या उन्हें करप्ट कर दो। रिपोर्टिंग ही गलत हो। प्रदूषण से सूरज भले दुबका रहे पर लोग यही मानें कि हवा ताजा है, खिली हुई है और सूरज नहीं चमक रहा है तो यह सूरज ही धोखेबाज है या खत्म होता हुआ है।

इसलिए हवा, पानी, मिट्टी पर सोचो नहीं! सत्य नहीं पहचानो! सत्य नहीं जानो और प्रदूषणों से लोटपोट होते हुए, उनमें डूबते, सांस लेते भगवानजी पर भरोसा रखो, मोदी-अडानी-अंबानी पर भरोसा रखो। वे हवा और ऑक्सीजन भी पाइपलाइनों से घरों में पहुंचा देंगे। इसलिए विश्वास रखिए 2047 का विकसित भारत हवा को वैसे ही डिब्बाबंद बेचता हुआ होगा जैसे पानी या मिट्टी डिब्बाबंद बोतलों, ऑर्गेनिक पैदावार को पैकेटों में बेचते हुए होंगे। यही भारत का, आगे की पीढ़ियों का भविष्य है!

# रोजगार की चाह में पलायन!

//हरिशंकर व्यास//

**जैसे शेष भारत में बिहार की एक अलग पहचान है वैसी ही पहचान दुनिया में भारत की है। पचास वर्षों से बिहार बता रहा है कि लोग वहा से भाग रहे हैं। भय के कारण या अवसर और रोजगार की चाह में पलायन! क्या वैसी ही हकीकत भारत की नहीं है। सोचें, पिछले पंद्रह वर्षों से भारतीयों का पलायन क्यों कर है। अमीर, बड़े लोगों में दुबई, सिंगापुर, अमेरिका आदि जगह जाने के पीछे तरह-तरह के भय हैं। चिंताएं हैं। ढेरों हैं ऐसे आंकड़े जो बताते हैं कि उद्यमी-अमीर भारत छोड़ रहे हैं। हाल में सुनने को मिला कि अंबानियों ने इस बार ब्रिटेन में दिवाली मनाई! खाते-पीते मध्यम-अमीर वर्ग की निगाहों में भारत वह जंगल हो गया है, जहां न सांस साफ है, न वह घूमने लायक है और न शादी या सालगिरह मनाने लायक न निवेश लायक! सोचें, क्या ऐसी बुरी दशा जंगल में होती है।**

तभी पते का अहम मसला भारत के लोगों को दुनिया में इस सोच में देखा जाना है कि एक भारतीय (बिहारी) सौ बीमारी। दीवाली पर अमेरिका में सोशल मीडिया में ये पोस्ट थी कि हिंदूओं ने आकर कनाडा, अमेरिका के जंगल तबाह किए! भारतीय छात्रों के साथ बदसलूकी की खबरें आम हैं। संदेह नहीं कि बिहार की तरह ही शिक्षा के साथ अवसर के जुगाड़ में भारत से जो पलायन हो रहा है वह इस सोच में है कि कैसे भी हो, कोई भी अवसर हो उसे पाना है। कुछ भी करना है। तीस साल पहले भारत से लोग खाड़ी, आसियान देशों में मजदूरी, कारीगरी, कंस्ट्रक्शन जैसे किसी भी तरह के अवसर की तलाश में पलायन कर रहे थे। बाद में आईटीकर्मी के नाते जाने लगे। मगर तीस-चालीस साल पहले दक्षिण से, केरल से भारतीयों का पलायन कार्य-अवसर विशेष से हुआ करता था। पर मिलेनियम पीढ़ी के बाद से भारत में हर जगह से, किसी भी तरह, दुनिया के किसी भी कोने में पलायन का ट्रेंड है। सामान्य बात नहीं है कि बेसिक आईटी शिक्षा लिए भारतीय लड़के कंपूचिया, म्यांमार, वियतनान, लाओस आदि में डिजिटल अपराध गैंग की चंगुल में फंसे। मतलब वही मनोविज्ञान काम कर रहा है जो बिहार से बाहर रोजी-रोटी, बेगारी के लिए पलायन का था। तभी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीयों को हथकडी लगाकर लौटाया तो बाकी देशों में भी सभी तरफ भारतीय प्रवासियों पर फोकस हैं। पर भारत निरूत्तर। मोदी सरकार लगातार ट्रंप की रीति-नीति (खासकर छात्रों के अवसर, पेशेवर वीजा आदि में) के आगे पस्त है। वे मई से भारत को बार-बार जलील कर रहे हैं। भारत मजबूरन मौन। सोच सकते हैं इससे कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, चीन, यूरोपीय संघ, खाड़ी-अफ्रीकी, आसियान देशों में भारत की इमेज कैसी बन रही होगी? ताजा खबर है कि प्रधानमंत्री मोदी ने आसियान बैठक, पूर्व एशिया बैठक से वैसे ही किनारा काटा है जैसे संयुक्त राष्ट्र के महाधिवेशन और शर्म अल शेख की गाजा शिखर बैठक से काटा था। ध्यान रहे आज से दक्षिण कोरिया में एपेक, आसियान-पूर्व एशियाई देशों के संगठनों की शिखर कूटनीति है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग व ट्रंप की मुलाकात से लेकर समूचे दक्षिण-पूर्व एशिया, पूर्वी एशियाई देशों में विश्व व्यापार, राजनीति के जो दांवपेंच होंगे उन सबसे भारत के बाहर होने, प्रधानमंत्री मोदी के बाहर रहने का वही अर्थ है जो अरब-खाड़ी देशों के गाजा जमावड़े में शर्म अल शेख में उनकी अनुपस्थिति का था। मतलब ट्रंप की वजह से अरब-खाड़ी देशों में पाकिस्तान को नए महत्व और आसियान व पूर्व एशिया में ट्रंप-शी जिनफिंग के दबदबे से प्रधानमंत्री मोदी दूर रहे हैं तो वजह घबराहट है। जबकि दूसरी तरफ चर्चा यह भी है कि तौबा कर भारत सरकार अंततः अमेरिका के कहे अनुसार कृषि उत्पादनों में भी खरीदारी करेगी। रूस से तेल आयात घटाएगी। क्यों। इसलिए क्योंकि भारत के पास है क्या जो वह कह सके कि उसे नहीं चाहिए अमेरिका से अवसर। हकीकत है कि प्रधानमंत्री मोदी हों, भारत सरकार हो या भारत के धन्ना सेठ या आम भारतीय सभी मजबूर है अमेरिका में याकि दुनिया में अवसर की ताक में!

## बिहार विधानसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ने के मायने

बिहार विधानसभा चुनावों में इस बार पहले चरण में 62 फीसदी मतदान को लेकर राजनीतिक दलों में खलबली मची है इतना ही नहीं देशी, विदेशी मीडिया अपना अपना आंकलन कर रहीं हैं। तमाम यू ट्यूब चैनल समीक्षा करने लगे हैं कि बढ़ा हुआ मतदान किसके पक्ष में जाएगा। इंडिया ब्लॉक और राजग नेता अपने अपने पक्ष में तर्क प्रस्तुत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि छह नवम्बर को हुए मतदान में महिलाओं ने और पुरुष ने बराबर यानी एक करोड़ 22 लाख वोट डाले हैं। अंतर इतना है कि महिलाओं की संख्या 48 फीसदी है और पुरुष 52 फीसदी है।इस हिसाब से देखे तो मतप्रतिशत महिलाओं का 68 फीसदी आ रहा है।चुनाव सांख्यिकी विशेषज्ञ मानते हैं कि पहले चरण में महिलाओं का वोट अधिक पड़ा है।जबकि पूरे बिहार में 62 लाख मतदाता सूचियों में से हटाए गए हैं।एक्सिस इंडिया के यशवंत देशमुख ने कहा है कि इस बात के कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है कि बढ़ा हुआ मतदान सत्ता हस्तांतरण करता है।मप्र , राजस्थान में 2023 में मतदान बड़ा था लेकिन मप्र में सरकार परिवर्तित नहीं हुई जबकि राजस्थान में कांग्रेस सरकार बदल गई।2019 के लोकसभा चुनावों में मतदान 2014 से अधिक हुआ परंतु मोदी सरकार पुनः आ गई। लेकिन अधिकतर अधिक प्रतिशत मतदान सत्ता हस्तांतरण करता है। बिहार विधानसभा चुनावों के मामले में बीबीसी संवाददाता मोहन शर्मा कहते हैं कि नीतीश कुमार द्वारा एक करोड़ महिलाओं को चुनाव से पहले दस हजार रुपए दिए इसलिए मतदान बड़ा है। लेकिन प्रतिष्ठित पत्रकार हिमांशु शर्मा और राजदीप सरदेसाई का कहना है कि बड़ा हुआ मतदान सत्ता हस्तांतरण कर सकता है।

जेडीयू नेता संजय झा ने कहा है कि पूरे प्रदेश में जेडीयू बीजेपी उम्मीदवार के पक्ष में जमकर मतदान हुआ है। और विशेषकर महिलाओं ने जाति से बाहर जा कर भी मतदान किया है। लेकिन खुफिया एजेंसी के सर्वे में पहले चरण में दोनों पक्षों के बीच कांटे का मुकाबला बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद नेता तेजस्वी यादव दोनों उत्साहित हैं। यद्यपि कांग्रेस के नेता कुछ निराश हैं। पत्रकार राहुल देव का कहना है कि बड़ा हुआ मतदान का मुख्य कारण महिलाओं का आगे बढ़ कर मतदान करना ही है। वरिष्ठ पत्रकार नीरज चौधरी भी हड़प्रभ है कि महिलाओं का मत 68 फीसदी गिरा है। बिहार के इतिहास में सर्वाधिक मतदान 1977 में रिकॉर्ड किया गया था और 2020 यह 55.19 फीसदी,2015 में 54.93 फीसदी 2010 में 51.63 फीसदी थ लेकिन इस बार 62 फीसदी मतदान हुआ है। बिहार विधानसभा चुनावों में कुल 6.5 करोड़ बोटर है । मतदाता सूची के गहन अध्ययन में 62,49,500 मतदाता सूचियों में से विलोपित किए गए हैं। अब चुनावों में एग्जिट पोल का कोई विशेष महत्व नहीं रहा है क्योंकि एग्जिट पोल भी राजनीतिक दल कराते हैं। और उनके परिणाम अधिक समय बेकार ही साबित हुए हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में शहरी सहकारी ऋण क्षेत्र पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को-ऑप कुंभ 2025 के दौरान सहकार डिजी-पे और सहकार डिजी-लोन ऐप लॉन्च किए।


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लुआंडा में अंगोला के पहले राष्ट्रपति डॉ. एंटोनियो एगोस्टिन्हो नेटो को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके स्मारक का दौरा किया।


झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में अत्याधुनिक डीपीएसयू भवन का उद्घाटन किया और डीपीएसयू के प्रदर्शन की समीक्षा की।


केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की।


केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल नई दिल्ली में अमेरिका के यूटा स्टेट सीनेट के अध्यक्ष जे. स्टुअर्ट एडम्स के नेतृत्व में एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करते हुए।


छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गांधीनगर में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल से मुलाकात की।

# दिल्ली में ब्लास्ट के बाद देशभर में हाई अलर्ट, महाराष्ट्र से लेकर केरल तक हो रही चेकिंग, संदिग्धों पर नजर



नईदिल्ली, 11 नवंबर [एजेंसी]।

दिल्ली में लाल किले के नजदीक विस्फोट के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। हवाई अड्डों, रेलवे व मेट्रो स्टेशनों समेत सभी संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जांच एवं अन्य सुरक्षा उपाय कड़े कर दिए हैं। मिड-डे के अनुसार, महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अभी तक मुंबई के लिए किसी विशेष खतरे की सूचना नहीं है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि घटना की संवेदनशीलता और महानगर में आतंकी हमलों के इतिहास को देखते हुए एहतियाती कदम उठाना आवश्यक था। मुंबई में सभी प्रमुख परिवहन केंद्रों, धार्मिक स्थलों, बाजारों और तटीय क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। खुफिया इकाइयों को ऑनलाइन चैट पर नजर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या संचार का सत्यापन करने के लिए कहा गया है। स्थानीय पुलिस थानों को होटलों, लाज और किराये के आवासों की औचक जांच करने और नए किरायेदारों व बाहरी आगंतुकों की पहचान सत्यापित करने के निर्देश दिए गए हैं। चुनावी राज्य बिहार के सभी जिलों में पुलिस टीमों को अलर्ट पर रखा गया है और प्रमुख परिवहन केंद्रों, सार्वजनिक स्थानों और राज्य के प्रवेश बिंदुओं पर सुरक्षा जांच तेज कर दी गई है। हरियाणा सरकार ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को अफवाहों को फैलने से रोकने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। हरियाणा के डीजीपी ओपी सिंह ने बताया कि अंतर-राज्यीय सीमाओं पर वाहनों की जांच की जा रही है। सार्वजनिक परिवहन, पार्किंग क्षेत्रों व होटलों की भी जांच की जा रही है। एनसीआर जिलों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण से जानकारी प्राप्त करने के बाद स्थिति की समीक्षा की।मुख्यमंत्री ने पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने, गहन जांच करने और सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों व परिवहन केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए हैं। चंडीगढ़ में संवेदनशील प्रतिष्ठानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वाहनों और सार्वजनिक परिवहन की आकस्मिक जांच की जा रही है।

केरल पुलिस प्रमुख रावदा आजाद चंद्रशेखर ने सभी जिला पुलिस प्रमुखों को राज्य की खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया है। गुजरात के डीजीपी विकास सहाय ने राज्य की सभी पुलिस इकाइयों को सतर्क रहने और गश्त बढ़ाने को कहा है। डीजीपी के निर्देश के बाद रेलवे स्टेशनों जैसे संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस टीमों ने गश्त शुरू कर दी है। तेलंगाना पुलिस ने हैदराबाद और राज्य के अन्य शहरों में गश्त बढ़ा दी है। हैदराबाद के जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को उपचुनाव होना है।

## घायल ऑटो चालक बना हिम्मत की मिसाल, खुद पहुंचा अस्पताल, चश्मदीदों ने बताई दहशत भरी दास्तान



**नई दिल्ली 11 नवंबर।** सोमवार शाम को लाल किले के पास हुए धमाके ने पूरी दिल्ली को दहला दिया। कुछ ही पलों में सड़क पर धुआं, अफरातफरी और चीख-पुकार मच गई। जहां कुछ लोग अपनी जान बचाने में कामयाब हुए, वहीं कई घायल सड़क पर पड़े कराह रहे थे। तो वहीं इस भीषण धमाके में 9 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी।घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों ने जो कुछ देखा, उसकी दास्तान सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं।धमाके में घायल ऑटो ड्राइवर विदेश मंडल ने हिम्मत की मिसाल पेश की। गंभीर रूप से जख्मी होने के बावजूद उसने किसी की मदद का इंतजार नहीं किया। घायल हालत में उसने खुद ऑटो चलाया और सिविल लाइंस स्थित ट्रॉमा सेंटर पहुंच गया जहां उसका इलाज चल रहा है। पहाड़गंज निवासी बलबीर सिंह ने बताया, मैं वैगनआर में बैठा था, भाई चांदनी चौक गए थे। मैं लाल किले के पास गाड़ी में इंतजार कर रहा था, तभी जोरदार धमाका हुआ। एक आदमी मेरी गाड़ी पर गिरा, जिसकी मौके पर मौत हो गई। अगर मैं थोड़ा आगे बढ़ा होता, तो शायद मैं भी नहीं बचता। रिक्शा चालक यासीन ने कहा, मैं कश्मीरी गेट से तीन नेपाली सवारियां लेकर नई दिल्ली स्टेशन जा रहा था। अचानक धमाका हुआ, सब उड़ गया। मैं नीचे गिर गया और कुछ देर के लिए बेहोश हो गया। जब उठा तो सवारियां गायब थीं। चारों तरफ घायल और शव पड़े थे। राजू चौधरी जो 348 नंबर रूट की बस चला रहे थे, घटना के बारे में बताते हुए वह बोले, ÷धमाका हुआ तो बस उछल गई। आगे का शीशा टूट गया। गनीमत रही कि किसी यात्री को चोट नहीं लगी।

## सीनेट ने शटडाउन समाप्त करने की दिशा में उठाया पहला कदम, कई सदस्यों ने जताई नाराजगी



न्यूयार्क, 11 नवंबर [एजेंसी]।

सीनेट ने सरकारी शटडाउन समाप्त करने की दिशा में पहला कदम उठाया। उदारवादी डेमोक्रेट्स के एक समूह ने स्वास्थ्य सेवा सब्सिडी के विस्तार की गारंटी के बिना आगे बढ़ने पर सहमति व्यक्त की। हालांकि, इससे उनके गुट के कई सदस्य नाराज हो गए। उनका कहना है कि अमेरिकी चाहते हैं कि वे अपनी लड़ाई जारी रखें। इस बाबत आवश्यक प्रक्रियात्मक बदलावों की श्रृंखला का पहला परीक्षण मतदान हुआ। इसमें सीनेट ने सरकार को वित्तपोषित करने के लिए समझौता विधेयक पारित करने और एक जनवरी को समाप्त होने वाले अफोर्डेबल केयर एक्ट टैक्स क्रेडिट को बढ़ाने पर बाद में मतदान करने के लिए 60-40 मतों से मतदान किया। बहरहाल, अब यदि डेमोक्रेट्स इस पर आपत्ति करते हैं और प्रक्रिया में देरी करते हैं, तो अंतिम समझौता पारित होने में कई दिन लग सकते हैं। सीनेटरों के समूह ने 40 दिनों के बाद सरकारी शटडाउन को समाप्त करने के लिए मतदान किया जो अमेरिकी इतिहास में सबसे लंबा है। प्रक्रियागत मतदान में सीनेटरों ने सदन द्वारा पारित विधेयक को आगे बढ़ाया, जिसमें 30 जनवरी तक सरकार को वित्तपोषित करने के लिए संशोधन किया जाएगा तथा इसमें तीन पूर्ण-वर्षीय विनियोग विधेयकों का पैकेज शामिल किया जाएगा। इन सीनेटरों में से चार अपने गृह राज्यों के पूर्व गवर्नर हैं और अगले साल होने वाले मध्यावधि चुनावों में इनमें से कोई भी दोबारा चुनाव नहीं लड़ेगा।डिक डर्बिन और टिम केन जैसे प्रमुख नेताओं ने इस व्यवधान को समाप्त करने और अफोर्डेबल केयर एक्ट सब्सिडी तथा श्रमिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर मतदान सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया था। यह समझौता इस बात की गारंटी नहीं देता कि अफोर्डेबल केयर एक्ट सब्सिडी को बढ़ाया जाएगा, जैसा कि डेमोक्रेट्स लगभग छह हफ्तों से मांग कर रहे हैं। न्यूयार्क के डेमोक्रेट नेता चक शूमर ने अपने आठ डेमोक्रेटिक सहयोगियों को छोड़कर बाकी सभी के साथ पैकेज को आगे बढ़ाने के खिलाफ मतदान किया।

# स्थिति पर है हमारी नजर..., दिल्ली ब्लास्ट के बाद अमेरिका का आया रिएक्शन, कांसुलर मदद देने की पेशकश

नईदिल्ली, 11 नवंबर [एजेंसी]।



अमेरिकी विदेश विभाग ने सोमवार को दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है और कांसुलर सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा, हमें दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट की जानकारी है। हम स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं और कांसुलर सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हैं। लाल किले के पास विस्फोट पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, नितिन गडकरी ने शोक जताया है। राजनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, दिल्ली में कार विस्फोट की घटना अत्यंत दुखद और विचलित करने वाली है। दुःख की घड़ी में मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने पोस्ट किया, दिल्ली में कार विस्फोट में लोगों की मौत से दुखी हूं। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

अधिकारी सुनिश्चित कर रहे हैं कि घायलों तक सभी आवश्यक चिकित्सा सहायता पहुंचे।केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस घटना को हृदय विदारक बताया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस घटना को दुखद बताया। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी इस घटना पर शोक जताया है।

# धमाके के बाद लाल किला पर्यटकों के लिए बंद, ऐतिहासिक स्थलों की बढ़ाई गई सुरक्षा



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में सोमवार शाम लाल किले के पास कार में हुए जबर्दस्त धमाके में करीब 8 लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद लाल किले में पर्यटकों के प्रवेश को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में दिल्ली के चीफ आर्कोलोजिस्ट डॉ. राजकुमार पटेल ने बताया कि विस्फोट के बाद से पर्यटकों के लिए प्रवेश बंद कर दिया गया है।वहीं, राजधानी की तमाम सरकारी भवनों और संपत्तियों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हस्त्न टीम एक खोजी कुत्ते के साथ दिल्ली में उस जगह पर पहुंची जहां आज शाम लगभग 7 बजे हुंडई i20 कार में विस्फोट हुआ था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोक नायक अस्पताल पहुंचने पर दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की।सीआईएसएफ ने कहा कि लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट के बाद, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने पूरे देश में हाई अलर्ट जारी कर दिया है - जिसमें हवाई अड्डे, दिल्ली मेट्रो, विरासत स्थल, सरकारी भवन और इसके सुरक्षा घेरे में आने वाले अन्य प्रमुख प्रतिष्ठान शामिल हैं। NSG की एक विस्फोट के बाद की जांच इकाई लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट स्थल पर विस्फोट के लिए ज़िम्मेदार सामग्री के अवशेष एकत्र करने और घटना की जांच करने के लिए पहुंच रही है।

### लाल किला धमाके में कश्मीर कनेक्शन! पुलवामा का निकला कार मालिक, संदिग्ध तारिक की तलाश में पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किले के पास हुए भीषण धमाके के तार जम्मू-कश्मीर के पुलवामा से जुड़ गए हैं। धमाके में इस्तेमाल कार का मालिक तारिक उर्फ आमिर दक्षिण कश्मीर में जिला पुलवामा के अंतर्गत पांपोर के साथ सटे संबूरा का रहने वाला है। संबूरा कभी जैश ए मोहम्मद के प्रभाव वाला इलाका था। पुलवामा हमले में इस्तेमाल कार को भी कुछ समय के लिए संबूरा में ही रखा गया था। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि तारिक उर्फ आमिर पेशे से एक इलैक्ट्रिशियन है, लेकिन बीते डेढ़-दो वर्ष के दौरान उसे कभी कभार ही संबूरा में देखा गया है।

## दिल्ली धमाके के पीछे प्रयागराज का कनेक्शन शुरुआती छानबीन में सामने आई ये बात



प्रयागराज, 11 नवंबर [एजेंसी]।

दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार शाम हुए धमाके में प्रयागराज का कनेक्शन सामने आ रहा है। शुरुआती छानबीन के आधार पर करेली में रहने वाले कुछ युवकों की भूमिका संदिग्ध होने के प्राथमिक इनपुट मिले हैं। धमाके में जिनकी संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है, वह युवक उच्च शिक्षा लेने की बात कहकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश गए हैं। उनका नाम सुरक्षा एजेंसियों की वाचलिस्ट में शामिल होने की बात जा रही है। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हुआ है कि संदिग्ध युवक किस संगठन के लिए स्लीपिंग माड्यूल के तहत काम कर रहे थे। फिलहाल इसकी भनक लगने पर खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने स्तर पर विस्तृत जानकारी जुटा रहे हैं। प्रयागराज जिला हाई अलर्ट पर है। माफिया रहे अतीक के गढ़ करेली क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए संदिग्ध लोगों की चेकिंग की जा रही है। सोमवार शाम दिल्ली में कार के भीतर धमाका हुआ, जिसकी चपेट में आने से 11 की मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आतंकी हमले की आशंका पर सुरक्षा, खुफिया एजेंसी से लेकर देश की आंतरिक सुरक्षा का जिम्मा उठाने वाले विभाग के अधिकारियों ने छानबीन शुरू की। धमाके में विस्फोटक पदार्थ का इस्तेमाल हुआ है।

सूत्रों का कहना है कि धमाके की जांच आगे बढ़ी तो प्रयागराज के तार जुड़ने लगे।कहा गया है कि करेली क्षेत्र में रहने वाले कुछ युवक अस्थायी तौर पर पश्चिमी यूपी में रहते हैं। वह यहां से उच्च शिक्षा लेने की बात कहकर गए हैं। संदिग्ध युवकों के इंटरनेट मीडिया अकाउंट की तफ्तीश चल रही है। बताया गया है कि जांच एजेंसियों को कुछ ऐसे तथ्य मिल रहे हैं, जिसके आधार पर करेली के युवकों की संलिप्तता को लेकर विश्लेषण किया जा रहा है। जांच आगे बढ़ने पर कुछ और स्पष्टता आने की बात कही जा रही है।तीन साल पहले करेली निवासी आतंकी मोहम्मद जीशान और उसके चाचा को हुमेदुर रहमा को दिल्ली की स्पेशल सेल, आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए पकड़ा था। जीशान ने पाकिस्तान में उस जगह ट्रेनिंग ली थी, जहां आतंकी कसाब को मिली थी। वहां उसे बम बनाने और हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया गया था।ट्रेनिंग के बाद वह कुछ साथियों के साथ लखनऊ के रास्ते हथियारों को प्रयागराज ले आया और नैनी स्थित पोल्ट्री फार्म में छिपा दिया था। पाकिस्तान की पिस्टल सहित अन्य हथियार बरामद किए गए थे। वह आनलाइन खजूर बेचने के बहाने आतंकी गतिविधियों को संचालित कर रहा था। ऐसे में दिल्ली धमाके से एक बार फिर करेली के तार जुड़ने को बल मिल रहा है।वर्ष 2013 में पटना में प्रधानमंत्री बनने से पहले नरेंद्र मोदी की जनसभा में धमाका हुआ था, जिसके तार संगमनगरी से जुड़े थे। एनआइए ने यमुनापार के दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा था, जिनसे पूछताछ में पता चला था कि धमाके के लिए इस्तेमाल होने वाली जिलेटिन की छड़ चौक से खरीदी गई थी।

## सपा ने 2027 का रोडमैप कर लिया तैयार अखिलेश ने कार्यकर्ताओं को दिया ये मंत्र

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की बढ़त समाजवादी पार्टी ने ही रोकी थी, और आज भी पार्टी की ताकत सबसे बड़ी है। अब लक्ष्य वर्ष 2027 में समाजवादी सरकार बनाने का है। कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे संयमित व्यवहार रखें और किसी भी तरह के विवादित बयान देने से बचें। वह सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित जिला व महानगर अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी ने अभी किसी भी प्रत्याशी का चयन नहीं किया है। समाजवादी पार्टी जातीय जनगणना के पक्ष में है, और अब इस मांग का समर्थन अन्य राजनीतिक दल भी करने लगे हैं। आरोप लगाया कि भाजपा ने प्रशासनिक मिलीभगत से शिक्षक व स्नातक एमएलसी चुनावों में समाजवादी समर्थकों के वोट नहीं बनने दिए। अखिलेश ने मांग की कि मतदाताओं के नाम जोड़ने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए। व्यंग्य करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार अपने बनाए आधार कार्ड को ही नहीं मान रही है, अच्छा होगा कि अब आधार कार्ड मेटल के बनाए जाएं, ताकि टिकाऊ रहें। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, रामगोविन्द चौधरी, और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# प्रयागराज के गांव में फिर तेंदुआ दिखने से दहशत, पहले तमाम प्रयासों के बाद भी नहीं पकड़ पाया था वन विभाग

झूंसी , 11 नवंबर [एजेंसी]।

करीब 20 दिन बाद छतनाग में एक बार फिर तेंदुआ की दहशत फैल गई है। देर रात तेंदुआ एक शख्स के सामने आ गया था। उसके शोर मचाने पर जब तक लोग एकत्र होते, तब तक तेंदुआ भाग गया। यह खबर फैलने के बाद इलाके में लोगों की नींद उड़ गई है। छतनाग स्थित एचआरआई में 10 अक्टूबर को तेंदुआ दिखाई दिया था। इसके बाद कई दिन यहां सुरक्षा कर्मियों ने उसे देखने की बात कही थी। वन विभाग ने परिसर में दो पिंजरे व कई नाइट व्हिजन कैमरे लगवाए थे, लेकिन कुछ पता नहीं चला था। इसके बाद 22 अक्टूबर को तेंदुआ एसटीपी के पास दिखा फिर गायब हो गया था। सोमवार की रात छतनाग में फिर से यह दिखा। गांव के मौजीलाल यादव का कहना है कि वह दरवाजे पर गाय दुहने बैठे थे। तभी तेंदुआ आ गया। अंधेरे में पहले उन्हें लगा कि कोई बछिया है। बाद में जब थोड़ी रोशनी में देखा तो तेंदुआ नजर आया। उसने शोर मचाकर अपने साथी शिवमूरत को बुलाया।



इसके बाद आसपास के तमाम लोग एकत्र हो गए। लोग लाठी-डंडे लेकर दौड़े तो तेंदुआ हिमालयन इंस्टीट्यूट की ओर भाग गया। गांव के तेज प्रकाश मिश्रा वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर सूचना दी। रेंजर लक्ष्मीकांत दुबे ने बताया कि तेंदुआ दिखने की सूचना मिली है। कर्मचारियों की टीम मौके पर भेजी गई है।

# तीन राज्यों से सटी झारखंड की सीमा पर बने 68 अस्थायी चेक पोस्ट घाटशिला में तैनात की गई है केंद्रीय बल व राज्य की 20 कंपनियां

रांची, 11 नवंबर [एजेंसी]।

झारखंड के घाटशिला विधानसभा सीट व बिहार विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण का मंगलवार को मतदान होगा। इस चुनाव के मद्देनजर झारखंड से सटी बिहार, पश्चिम बंगाल व ओडिशा की सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। गश्त तेज कर दिया गया है। यहां 68 अस्थाई चेक पोस्ट से निगरानी की जा रही है। घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से पश्चिम बंगाल व ओडिशा की सीमा सटती है। वहीं, बिहार विधानसभा चुनाव में झारखंड से सटे सभी आठ जिलों में मंगलवार को वोटिंग होगा। झारखंड से सटे बिहार के रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई, बांका, भागलपुर व कटिहार जिले हैं।इन जिलों में मंगलवार को मतदान होगा। इनजिलों से सटे झारखंड की सीमा पर 52 अस्थाई चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जिसकी निगरानी भी की जा रही है। सीमा पर मादक पदार्थ से लेकर नकदी की अवैध तरीके से आवाजाही न हो सके, इसे लेकर निगरानी तेज है। घाटशिला विधानसभा सीट पर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष उपचुनाव में केंद्रीय बल व राज्य की 20 कंपनियां तैनात हो रही हैं। इनमें केंद्रीय बल की दस कंपनियां, जैप व आईआरबी की छह कंपनियां व झारखंड जगुआर की चार कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा जिला सशस्त्र बल के जवान भी स्थानीय स्तर पर इस चुनाव के शांतिपूर्ण आयोजन में लगाए गए हैं। घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में 300 बूथों पर मंगलवार को होने वाले मतदान के मद्देनजर जवानों की तैनाती बूथ व चेक पोस्ट पर की गई है।



घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए ओडिशा के मयूरभंज में पांच व पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम व पुरुलिया में आठ चेक पोस्ट बनाए गए हैं। चेक पोस्ट पर 24 घंटे चौकसी बरती जा रही है। हर आने-जाने वालों की निगरानी हो रही है, ताकि कोई असामाजिक तत्व चुनाव में खलल डालने की कोशिश न कर पाए।

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा कदम, रिटायर्ड HC जजों की निगरानी में राज्य बार काउंसिल चुनाव कराने पर विचार



नईदिल्ली, 11 नवंबर [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को संकेत दिया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्य बार काउंसिल चुनाव हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की निगरानी में होंगे।जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआई) के साथ-साथ राज्य बार काउंसिलों में विश्वास की कमी है, इसलिए प्रत्येक राज्य में सेवानिवृत्त हाई कोर्ट जजों की अध्यक्षता में एक स्वतंत्र चुनाव पैनल नियुक्त किया जाएगा जो इस प्रक्रिया की निगरानी करेगा।बीसीआई के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मनन कुमार मिश्र ने कहा कि अगर बार काउंसिलों के चुनाव कराने के लिए सेवानिवृत्त जजों की नियुक्ति की जाती है, तो बीसीआइ को कोई आपत्ति नहीं है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, राज्य बार काउंसिल के चुनाव दुनिया के सबसे कठिन चुनाव होते हैं। उन्होंने मनन मिश्र से विभिन्न राज्यों के चुनावों की अधिसूचना जल्द से जल्द जारी करने को कहा। मिश्र ने कहा कि पंजाब और हरियाणा बार काउंसिल के चुनावों की अधिसूचना आगामी सोमवार को जारी की जाएगी और सात राज्यों के चुनाव तिथियों की अधिसूचना इसी हफ्ते जारी की जाएगी।

# मुंहासों का कारण बन सकती हैं रोजाना की ये आदतें, बदलने की करें कोशिश



हम में से ज्यादातर लोग मुंहासों की समस्या से परेशान हैं। ये जिद्दी दाने ठीक होने का नाम नहीं लेते और काले दाग छोड़ जाते हैं। मुंहासे न केवल चेहरे की खूबसूरती को घटाते हैं, बल्कि आत्मविश्वास भी कम कर देते हैं। अगर आपको भी बार-बार मुंहासे हो रहे हैं तो इसका कारण आपकी रोजाना की खराब आदतें हो सकती हैं। आइए यह समस्या पैदा करने वाली आदतों के बारे में जानते हैं, जिन्हें आपको बदलना चाहिए।

त्वचा का ख्याल न रखना

मुंहासे निकलने की सबसे बड़ी वजह होती है त्वचा की देखभाल पर ध्यान न देना। जो लोग अपने चेहरे को साफ नहीं करते, उनके रोमछिद्र गंदगी से भर जाते हैं। ऐसे में मुंहासे निकलते हैं और रोमछिद्र भी बड़े हो जाते हैं। इसके अलावा क्लींजर की जगह साबुन से मुंह धुलना भी समस्या को बढ़ाता है, क्योंकि इसका पीएच स्तर त्वचा के लिए नुकसानदायक होता है। अच्छे उत्पादों से त्वचा की देखभाल करें और मेकअप ब्रश को धोना न भूलें।

ज्यादा तैलीय भोजन और डेयरी उत्पाद खाना

आपका खान-पान भी मुंहासों की समस्या को बढ़ाने में खासा योगदान दे सकता है। अगर आप ज्यादा तेल, मसाले और चीनी वाला खाना खाते हैं तो आपका चेहरा पीड़ा दायक मुंहासों से भर जाएगा। कार्बोहाइड्रेट और ट्रांस वसा से भरपूर खाद्य पदार्थ अतिरिक्त तेल उत्पादन का कारण बन सकते हैं, जिससे मुंहासे पैदा होते हैं। इसके अलावा दूध, दही, चीज और पनीर जैसे डेयरी उत्पाद भी तैलीयपन बढ़ाते हैं और मुंहासों का कारण बनते हैं।

गंदे तकिया कवर पर सोना

कई लोग हफ्तों तक तकिए के कवर नहीं बदलते और उन्हीं पर सोते हैं। इनमें गंदगी और बैक्टीरिया पनपने लगते हैं, जो त्वचा में प्रवेश करके मुंहासे पैदा कर सकते हैं। इस प्रकार के मुंहासों को एक्ने मैकेनिका कहा जाता है, जो त्वचा पर घर्षण और दबाव की वजह से निकलते हैं। रात भर त्वचा सीबम और पसीना उत्पन्न करती है, जिसे तकिया के कवर सोंख लेते हैं। इन पर लेटते ही ये सभी अशुद्धियां त्वचा में चली जाती हैं।

बार-बार चेहरे को छूना

ज्यादातर लोगों की चेहरे को बार-बार छूने की आदत होती है। वे मुंहासों को फोड़ने से भी खुद को नहीं रोक पाते हैं। यह आदत मुंहासों के फैलने की सबसे बड़ी वजन बनती है। आपके हाथों के जरिए तेल, गंदगी और बैक्टीरिया आपके चेहरे के रोमछिद्रों में प्रवेश कर सकते हैं और उन्हें बंद कर सकते हैं। साथ ही मुंहासों को फोड़ने से उनमें मौजूद मवाद चेहरे के अन्य हिस्सों पर लगता है और नए मुंहासे पैदा करता है।

मोबाइल स्क्रीन को साफ न करना

मोबाइल फोन सभी की जरूरत बन चुका है। इसके जरिए किसी से बात करनी हो तो इसे कानों में लगाना पड़ता है, जिसके दौरान यह गालों पर भी छूता है। मोबाइल की स्क्रीन पर गंदगी, धूल और बैक्टीरिया मौजूद हो सकते हैं। ये अशुद्धियां त्वचा में प्रवेश करके रोमछिद्रों में भर जाती हैं और मुंहासे निकलने लगते हैं। बचाव के लिए अपने मोबाइल को नियमित रूप से साफ करें और त्वचा के संपर्क में न लाएं।

## अरबाज खान की हॉरर फिल्म काल त्रिघोरी का ट्रेलर हुआ जारी, रिलीज डेट भी आई सामने

इन दिनों दर्शक हॉरर फिल्मों को पसंद कर रहे हैं। हाल ही में रिलीज हुई हॉरर फिल्म थामा को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। ऐसे में जल्द ही सिनेमाघरों में हॉरर फिल्म काल त्रिघोरी रिलीज होने वाली है। आज इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है जो काफी दमदार और डरावना है। ट्रेलर में अरबाज खान, ऋतुपर्णा सेनगुप्ता, महेश मांजरेकर और आदित्य श्रीवास्तव अभिनय करते नजर आए हैं।

मेकर्स ने आज काल त्रिघोरी का ट्रेलर जारी किया है। ट्रेलर में डरावनी आवाज सुनाई देती है, गुड़िया, हवेली और काली बिल्ली के दृश्य दिखाई देते हैं। ट्रेलर में कलाकार एक दूसरे से इस बात पर बहस करते हैं कि आत्माएं होती हैं या नहीं। कोई कहता है आत्माएं होती हैं तो कोई उनके वजूद को मानने के लिए तैयार नहीं होता है।

फिल्म काल त्रिघोरी का ट्रेलर तो दमदार है ही, इसके साथ इसके संवाद भी दमदार और डराने वाले हैं। ट्रेलर के संवाद कुछ इस तरह हैं काल त्रिघोरी 100 साल में आता है। बिल्ली आत्मा देख लेती है। ये भूत-प्रेत, जादू-टोना क्या सब सच है? मुझे मालूम है तू यह सब मानता नहीं है, आत्माएं होती हैं। मैं उस आत्मा को यहां बुलाउंगा। हवेली के ऊपर किसी बुरी आत्मा का साया है। ट्रेलर में ही बताया गया है कि फिल्म 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म के निर्देशक नितिन वैद्य हैं और वही इसके लेखक भी हैं। इसके निर्देशक शिरीष वैद्य, नितिन घटालिया और मानसुख तलसानिया हैं। फिल्म में राजेश शर्मा, मुग्धा गोडसे और अन्य कलाकार भी होंगे। इसमें दर्शकों को सस्पेंस और हॉरर का डोज मिलेगा। दर्शक अरबाज खान की वापसी को लेकर उत्साहित हैं।

## नेहल चुडासमा ने अमाल मलिक को कहा दोहरे चेहरे वाला



हाल ही में 'बिग बॉस 19' के घर से बाहर हुईं नेहल चुडासमा ने अपने साथी कंटेस्टेंट अमाल मलिक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अमाल मलिक को दोहरे चेहरे वाला बताया है। नेहल ने शो के दौरान संगीतकार-गायक अमाल मलिक के बारे में की गई अपनी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया दी। बिग बॉस हाउस में रहते हुए उन्हें लगा था कि अमाल दोहरे व्यक्तित्व के इंसान हैं।

मॉडल और अभिनेत्री नेहल चुडासमा से जब पूछा गया कि क्या 'बिग बॉस 19' के घर से बाहर निकलने के बाद अमाल मलिक के बारे में उनकी राय बदल गई है, तो नेहल ने कहा, मेरी राय लगभग वैसी ही है। घर के अंदर मैंने जो देखा, वह उनके स्वभाव को दर्शाता है। मैंने ऐसा कुछ भी नहीं देखा, जिससे मुझे इसके विपरीत सोचने पर मजबूर होना पड़े। शो में अपने सफर पर विचार करते हुए, नेहल ने बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि घर के अंदर उनके रिश्ते इतने चर्चित हो जाएंगे। नेहल ने कहा, बिल्कुल नहीं। मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरे निजी रिश्तों को इतना अटेंशन मिलेगा। अंदर जो कुछ भी हुआ वह स्वाभाविक था, कैमरों के लिए कुछ भी नहीं था। जब उनसे इस दावे के बारे में पूछा गया कि बसीर अली के साथ उनके रिश्ते ने बशीर के खेल को प्रभावित किया, तो नेहल चुडासमा ने कहा, सच कहूं तो, मुझे नहीं लगता कि मेरी मौजूदगी ने उनका ध्यान भटकाया। हम दोनों ने अपना-अपना गेम खेला। लोगों को धारणाएं बनाना पसंद है, लेकिन हम अपनी प्राथमिकताएं अच्छी तरह जानते थे। 'बिग बॉस 19' के वीकेंड के वार में प्रणित मोरे, गौरव खन्ना, नेहल चुडासमा और बशीर अली को नॉमिनेट किया गया था। प्रणित और गौरव घर में अपनी जगह पक्की करने में कामयाब रहे, वहीं नेहल और बशीर को कम वोट मिलने के चलते शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। वीकेंड का वार एपिसोड के दौरान होस्ट सलमान खान ने शो से उनके बाहर होने की घोषणा की।

## हक का बॉक्स ऑफिस पर धमाका, प्रेडेटर बैडलैंड्स को दी टक्कर; जटाधरा और द गर्लफ्रेंड की बढ़ी कमाई



इन दिनों सिनेमाघरों में कई फिल्में दिखाई जा रही हैं। शनिवार का दिन लगभग सभी फिल्मों के लिए शुभ संकेत लेकर आया। इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म हक में शानदार उछाल देखने को मिला। वहीं प्रेडेटर बैडलैंड्स, जटाधरा, के अलावा अन्य फिल्में भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करती नजर आईं। जानिए शनिवार के दिन क्या रहा फिल्मों का कलेक्शन।

यामी गौतम और इमरान हाशमी की फिल्म हक ने ओपनिंग डे 1.75 करोड़ रुपये से शुरुआत की थी। इस फिल्म ने बीते दिन शनिवार यानी रिलीज के दूसरे दिन अच्छी कमाई करते हुए 3.35 करोड़ रुपये कमाए। हक ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर 5.1 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। फिल्म की कहानी की बात की जाए, तो यह एक लीगल ड्रामा फिल्म है, जो शाह बानो के सुप्रीम कोर्ट केस पर आधारित है।फिल्म का निर्देशन सुपर्ण एस. वर्मा ने किया है। सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा अभिनीत 'जटाधरा' ने रिलीज के पहले दिन 1.07 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं इसने शनिवार को भी 1.07 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर 2.14 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। आपको बताते चलें कि फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक जायसवाल ने किया है। फिल्म में सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा के साथ शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णन, रवि प्रकाश, राजीव कनकला और सुभलेखा सुधाकर जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। हॉलीवुड फिल्म प्रेडेटर बैडलैंड्स भी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसने पहले दिन 2.4 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं इसने शनिवार को 3.52 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर दो दिनों में कुल 5.92 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। दिमित्रियस शूस्टर-कोलोमाटांगी और एले फैनिंग ने फिल्म में शानदार अदाकारी की है। दर्शकों द्वारा इस फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। रश्मिका मंदाना अभनीत फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' ने बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग डे पर 1.30 करोड़ रुपये से शुरुआत की थी। वहीं फिल्म ने शनिवार को 2.5 करोड़ रुपये कमाए थे। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना और दीक्षित शेट्टी के अलावा अनु इमैनुएल, रोहिणी, कौशिक मेहता और राव रमेश हैं। इसका निर्देशन और लेखन राहुल रवींद्रन ने किया है।

## सनी देओल ने किया नई फिल्म गबरू का ऐलान, होली पर करेंगे बॉक्स ऑफिस पर कब्जा

सनी देओल को पिछली बार फिल्म जाट में देखा गया था, जिस पर खासतौर से उनके प्रशंसकों ने खूब प्यार लुटाया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी ठीक-ठाक कमाई की। आने वाले दिनों में उनकी कई फिल्में कतार में हैं। एक ओर जहां वो बॉर्डर 2 से धमाका करने वाले हैं, वहीं सनी ने अपनी नई फिल्म गबरू का ऐलान भी कर दिया है। सनी ने फिल्म का मोशन पोस्टर साझा कर सोशल मीडिया पर लिखा, ताकत वो नहीं है, जो आप दिखाते हैं, ताकत वो है जो आप करते हैं। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद के लिए शुक्रिया। यहां आप सबके लिए कुछ है, जिसका आप इंतजार कर रहे थे। गबरू सिनेमाघरों में 13 मार्च, 2026 को आएगी। ये साहस, विवेक और करुणा की कहानी। मेरे दिल से... दुनिया के लिए। सनी का ये पोस्ट देख उनके प्रशंसक उत्साहित हो गए हैं। ओम छंगानी और विशाल राणा द्वारा निर्मित यह फिल्म 13 मार्च, 2026 को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।

## लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके



लिपस्टिक एक ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है, जो महिलाओं के लिए बहुत अहम होता है, लेकिन अक्सर यह सवाल उठता है कि लिपस्टिक को कैसे लंबे समय तक टिकाया जा सकता है। इसके लिए कुछ आसान और असरदार तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपनी लिपस्टिक को पूरे दिन बरकरार रख सकती हैं। इन तरीकों की मदद से आपकी लिपस्टिक न केवल लंबे समय तक चलेगी बल्कि आपके होंठों को भी खूबसूरत बनाए रखेगी।

**होंठों की सफाई करें**

लिपस्टिक लगाने से पहले अपने होंठों को अच्छी तरह से साफ करें। इसके लिए आप हल्के गर्म पानी से धो सकती हैं या फिर होंठों को मुलायम कपड़े से पोंछ सकती हैं। इससे आपके होंठों पर कोई गंदगी या तेल नहीं रहेगा और लिपस्टिक अच्छे से लगेगी। यह सुनिश्चित करेगा कि लिपस्टिक आपके होंठों पर सही तरह से फैले और पूरे दिन टिके रहे।

**लिप बाम का इस्तेमाल करें**

अपने होंठों को नमी देने के लिए लिप बाम का इस्तेमाल करें। यह आपके होंठों को नरम बनाएगा और लिपस्टिक को चिकना रखने में मदद करेगा। इसके लिए आप बिना रंग वाला लिप बाम चुन सकती हैं, जो आपके होंठों को पोषण देगा और उन्हें सूखा होने से बचाएगा। लिप बाम लगाने से पहले थोड़ी देर इंतजार करें ताकि यह अच्छे से अवशोषित हो जाए और आपके होंठ तैयार हो जाएं।

**लिपलाइनर का उपयोग करें**

लिपलाइनर का उपयोग करने से आपकी लिपस्टिक की शेप साफ-सुथरी रहेगी और वह ज्यादा देर तक टिकी रहेगी। इसके लिए अपने होंठों के प्राकृतिक आकार के अनुसार लिपलाइनर से हल्की रेखाएं बनाएं। इससे आपकी लिपस्टिक फैलने नहीं पाएगी और पूरे दिन बरकरार रहेगी। लिपलाइनर लगाने से आपके होंठों को एक सुंदर और परिभाषित रूप मिलेगा, जिससे आपकी लिपस्टिक और भी आकर्षक दिखेगी। यह एक सरल लेकिन असरदार तरीका है, जिससे आपके होंठ लंबे समय तक खूबसूरत रहेंगे।

**सेटिंग पाउडर लगाएं**

लिपस्टिक लगाने के बाद हल्का सा सेटिंग पाउडर लगाने से यह सुनिश्चित होगा कि आपकी लिपस्टिक पूरे दिन बरकरार रहेगी। इसके लिए एक छोटे ब्रश पर थोड़ा सा सेटिंग पाउडर लें और इसे धीरे-धीरे अपने होंठों पर लगाएं। इससे आपकी लिपस्टिक न केवल फैलने से बचेगी बल्कि लंबे समय तक टिकेगी भी। यह तरीका आपके होंठों को एकदम बेहतरीन लुक देगा और पूरे दिन आपके लुक को बनाए रखेगा।

**टच-अप करना न भूलें**

दिनभर की हलचल के बाद आपकी लिपस्टिक थोड़ी फीकी पड़ सकती है, इसलिए समय-समय पर टच-अप करना जरूरी है। इसके लिए अपने साथ एक छोटा लिपस्टिक या लिप बाम रखें और जब भी आपको लगे कि आपकी लिपस्टिक फीकी पड़ रही है, उसे दोबारा लगाएं। इन सरल और असरदार तरीकों की मदद से आप अपनी लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाए रख सकती हैं और पूरे दिन खूबसूरत दिख सकती हैं।

## मोनालिसा का हॉट देसी लुक, ब्लू साड़ी में गिराईं बिजलियां



भोजपुरी सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर अपने देसी लुक को लेकर चर्चा में हैं. मोनालिसा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो ब्लू साड़ी में कहर ढाती नजर आ रही हैं. जैसे ही ये फोटोज सामने आईं, सोशल मीडिया पर फैंस ने कमेंट्स और लाइक्स की झड़ी लगा दी.

मोनालिसा का ये लुक पूरी तरह देसी और एलीगेंट है. उन्होंने ब्लू कलर की सिल्क साड़ी पहनी है, जिसके बॉर्डर पर पतली लेस और हल्के डिजाइन से इसे बेहद अट्रैक्टिव बनाया गया है.

साड़ी के साथ मोनालिसा ने डीपनेक ब्लाउज कैरी किया है, जो उनके लुक में बोल्डनेस का तड़का लगा रहा है. एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर गदर काट रही हैं. जिसपर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं.

एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को कंप्लीट करने के लिए बालों को ओपन कर्ल्स में रखा है. साथ ही ग्लोसी मेकअप, मैचिंग झुमके, और माथे पर छोटी सी बिंदी उनके देसी अवतार को और भी निखार रही है. इस फोटोशूट की हर तस्वीर में मोनालिसा का कॉन्फिडेंस और चार्म साफ झलक रहा है. मोनालिसा ने अपनी इन तस्वीरों के कैप्शन में कोई टेक्स्ट नहीं लिखा, बस कई सारे ब्लू हार्ट इमोजी लगाए. लेकिन उनके फैंस ने कैप्शन की कमी पूरी कर दी. कोई उन्हें देसी क्वीन कह रहा है, तो कोई ब्लू ब्यूटी बोलकर तारीफ कर रहा है. बता दें कि मोनालिसा भोजपुरी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं. उन्होंने इंडस्ट्री को कई हिट फिल्में दी हैं. इन दिनों वो टीवी की दुनिया में भी अपनी जगह बना चुकी हैं और कई पॉपुलर शोज में नजर आ चुकी हैं. इसके अलावा, मोनालिसा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं, जहां वो आए दिन अपने फैंस के साथ अपनी नई तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं, और फैंस को भी उनकी लेटेस्ट पोस्ट का बेसब्री से इंतजार रहता है. बहरहाल, मोनालिसा की ये तस्वीरें पोस्ट होने के कुछ ही घंटों में वायरल हो गईं, जिसपर फैंस के अबतक हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं. इन तस्वीरों से एक बात तो साफ है, कि एक्ट्रेस हर बार अपने पोस्ट से फैंस का दिल जीत लेती हैं.



## महेश बाबू ने ग्लोब ट्रॉटर का किया एलान, 15 नवंबर को रामोजी फिल्म सिटी में लॉन्च होगी एसएसएमबी 29 की पहली झलक?

सुपरस्टार महेश बाबू और निर्देशक एसएस राजामौली की आगामी फिल्म एसएसएमबी29 को लेकर उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है. इस उत्साह के बीच एसएसएमबी29 के मेकर्स ने महेश बाबू का एक नया वीडियो जारी किया. इस वीडियो में महेश बाबू ने ग्लोब ट्रॉटर नाम के इवेंट का एलान किया है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक दिखाने की योजना बनाई है. यह 15 नवंबर को हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित होगा. राजामौली की आगामी फिल्म, जिसका संभावित नाम एसएसएमबी29 रखा गया है, के मेकर्स ने फिल्म के लिए एक बड़ा अपडेट साझा किया है, जिसमें महेश बाबू ने फिल्म की पहला ऑफिशियल अनाउंसमेंट किया है. शेयर किए गए वीडियो मैसेज में तेलुगु सुपरस्टार ने एलान किया कि फिल्म का पहला कार्यक्रम 15 नवंबर को हैदराबाद में आयोजित किया जाएगा. वीडियो के जरिए महेश बाबू ने फैंस को इस कार्यक्रम में आने का न्योता दिया. उन्होंने कहा, आप महीनों से पूछ रहे हैं, और अब समय आ गया है. 15 नवंबर को, दुनिया हमारी कहानी में अपना पहला कदम रखेगी. हम जो कुछ भी पूरे दिल से बना रहे हैं, उसका अनुभव करें. नके इस मैसेज ने फैंस के बीच हलचल मचा दी है, जो इस प्रोजेक्ट के अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. राजामौली के बेटे एसएस कार्तिकेय ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, ग्लोब ट्रॉटर के शब्दों को मार्क करें. 15 नवंबर के लिए तैयार हो जाइए।

## राधिका आप्टे की साली मोहब्बत ओटीटी पर रिलीज को तैयार

बॉलीवुड में राधिका आप्टे अपनी अलग अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। वह इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म साली मोहब्बत को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। इसे पहले आईएफएफआई गोवा में और शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जा चुका है। यह फिल्म एक छोटे शहर की गृहिणी स्मिता की कहानी है। उसका शांत और सरल जीवन तब बिखरने लगता है जब उससे जुड़े कई रहस्य उजागर होने लगते हैं। फिल्म साली मोहब्बत में बेवफाई और धोखे जैसे विषय दिखाए गए हैं। फिल्म जल्द ही जी5 पर रिलीज होने वाली है। टिस्का चोपड़ा ने वैरायटी को फिल्म के बारे में बताते हुए कहा, मैं हमेशा से रिश्तों की सतह के नीचे मौजूद शांत तनावों को जानने में दिलचस्पी रखती हूं। उन चीजों को भी जानने की इच्छुक रही हूं, जिनसे प्यार किसी गहरे अंधेरे में बदल सकता है।

## शब्द सामर्थ्य - 224

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 223 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | ई | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

# शिक्षा विभाग के निर्देश के बाद भी छात्र ला रहे ज्यादा वजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** बच्चों पर बढ़ते स्कूल बैग के बोझ को लेकर उठे सवालों के बाद जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश राय ने कहा है कि हमने स्कूलों को बच्चों के बैग का वजन कम करने के निर्देश पहले ही जारी कर दिए हैं, लेकिन कई बार बच्चे खुद ही सभी किताबें और नोटबुक लेकर आते हैं।

डीईओ के इस बयान ने नई बहस को जन्म दे दिया है। अभिभावकों ने कहा कि केवल बच्चों को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। बच्चों को वही किताबें लाने के लिए कहा जाता है, जिनकी शिक्षकों द्वारा रोज आवश्यकता बताई जाती है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में विषयवार बुक विभाजन या लॉकर सिस्टम की सुविधा नहीं होने से बच्चे मजबूरन सारा सामान लेकर आते हैं।

शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यदि स्कूलों में सप्ताहवार टाइम टेबल और डिजिटल अध्ययन सामग्री की व्यवस्था हो, तो यह समस्या काफी हद तक खत्म हो सकती है। वजन नियंत्रण को लेकर निर्देश तो हैं, लेकिन उनका पालन और निगरानी नहीं होती। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि



अत्यधिक वजन बच्चों की रीढ़ की हड्डी, कंधों और पोश्चर पर बुरा असर डाल रहा है। बच्चों में थकान, गर्दन व पीठ दर्द जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। अब सवाल यह है कि जब एनसीईआरटी ने कक्षा अनुसार बैग वजन की सीमा तय की है, तो उसका पालन कराने की जिम्मेदारी आखिर कौन निभाएगा—बच्चे, स्कूल प्रबंधन या शिक्षा विभाग? जब तक ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक शिक्षा का यह बोझ बच्चों के साथ-साथ व्यवस्था पर भी सवाल बना रहेगा।

# शासकीय विद्यालय मनसुख में एनएसएस ने साइबर सुरक्षा को लेकर छात्रों को किया जागरूक

**कोरिया बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनसुख में 10 नवम्बर को साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बैकुण्ठपुर सिटी कोतवाली थाना प्रभारी विपिन लकड़ा, प्रधान आरक्षक दीपक कुमार पाण्डेय एवं उनकी टीम उपस्थित रही। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

थाना प्रभारी विपिन लकड़ा ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज के डिजिटल युग में इंटरनेट हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। जहां इससे अनेक सुविधाएं मिली हैं, वहीं इसके दुरुपयोग से समाज में नए प्रकार के अपराध भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने यह भी कहा कि साइबर अपराधों से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है — सतर्क रहना



और तकनीकी जानकारी रखना। प्रधान आरक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में ऑनलाइन ठगी, फर्जी बैंक कॉल, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग और डिजिटल ब्लैकमेल जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल और इंटरनेट के जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि साइबर अपराधी अक्सर कम जानकारी वाले लोगों को निशाना बनाते हैं, इसलिए आवश्यक है कि हर व्यक्ति को साइबर सुरक्षा के मूल नियमों की जानकारी हो। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अनेक प्रश्न पूछे, जिनका समाधान पुलिस टीम ने सरल और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम से उन्हें इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में सही जानकारी मिली और वे अपने परिजनों को भी इस विषय में जागरूक करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी ने थाना प्रभारी विपिन लकड़ा और उनकी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में न केवल साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने की प्रेरणा भी देते हैं। इस अवसर पर विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ, एन.एस.एस. स्वयंसेवक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. प्रभारी द्वारा किया गया तथा अंत में विद्यार्थियों को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल की जानकारी भी प्रदान की गई, ताकि किसी भी प्रकार की साइबर घटना की स्थिति में वे तुरंत शिकायत दर्ज कर सकें। यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं सतर्क रहकर समाज में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे।

# 21 उपार्जन केन्द्रों में 15 नवम्बर से होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ

**कोरिया बैकुंठपुर।** 15 नवम्बर से कोरिया जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होंगी। धान खरीदी के दौरान बाहरी जिलों एवं राज्यों से अवैध धान की आवक को रोकने जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए सीमावर्ती मार्गों पर चेकपोस्ट दल तैनात कर दिए हैं। यह आशंका जताई गई है कि धान खरीदी केन्द्रों में अवांछित व्यक्तियों द्वारा अन्य क्षेत्रों से धान लाकर खपाने का प्रयास हो सकता है। इस रोकथाम के लिए डुमरिया, टेंगनी, नगर, सुरमी चौक एवं गोईनी में 24 घंटे तीन पालियों में निगरानी की व्यवस्था की गई है। इन चेकपोस्ट का नेतृत्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैकुण्ठपुर उमेश कुमार पटेल तथा गोईनी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोनहत अंशुल वर्मा करेंगे। दल में वन विभाग, पुलिस, नगर सैनिक एवं कोटवारों को शामिल कर संयुक्त बल तैयार किया गया है। सभी दलों को बाहरी धान के परिवहन पर रोक लगाते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



इसी के साथ, जिले के संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों में समिति प्रबंधक के साथ संयुक्त रूप से वित्तीय प्रशासकीय प्रबंधन हेतु अधिकारियों को आहरण एवं संवितरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। जामपारा, झरनापारा, पटना, गिरजापुर, सरभोंका एवं बैमा सहित अन्य केंद्रों पर संबंधित अधिकारी समिति स्तर पर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। इसके अतिरिक्त जिले के 21 धान उपार्जन केन्द्रों में सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के निरीक्षण, मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग के लिए विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी अवधि 15 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित है। इसके सुचारू संचालन के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। अधीक्षक भू-अभिलेख श्री भुवनेश्वर प्रसाद टोप्पो को नियंत्रण कक्ष प्रभारी नियुक्त किया गया है, जो धान खरीदी से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 07836-232301 जारी किया गया है। जिले में इस खरीफ वर्ष में 42 हजार 112 हेक्टेयर में धान के फसल लगाए हैं। खरीफ वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों की संख्या 22 हजार 126 है, इन किसानों से 1 लाख 37 हजार 468 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। विगत वर्ष 2024-25 में 23 हजार 117 कृषकों ने धान खरीदी के लिए पंजीकरण कराया था और 1 लाख 37 हजार 195 मीट्रिक टन धान के लक्ष्य के विरुद्ध 1 लाख 28 हजार 478 मीट्रिक टन धान क्रय किया गया था। इस खरीफ वर्ष 2025-26 में 64 करोड़ रूपए कृषि ऋण देने का लक्ष्य है, जिसके विरुद्ध अब-तक 15 हजार 679 किसानों को 49 करोड़, 5 लाख रूपए का कृषि ऋण वितरण किया गया है। जबकि विगत वर्ष 57 करोड़ कृषि ऋण के विरुद्ध 17 हजार 101 किसानों को 54 करोड़ 82 लाख का कृषि ऋण वितरण किया गया था। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाहरी धान की खपत, अनियमितताओं और धोखाधड़ी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी नोडल अधिकारी, समिति प्रबन्धको तथा कृषि, सहकारिता, मार्कफेड व खाद्य विभाग अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## एसआईआर-बीएलओ के साथ-साथ, घर-घर पहुंच रहे हैं अधिकारी

**कोरिया।** जिले के सभी बूथों पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। एसडीएम, तहसीलदार आदि अधिकारी बीएलओ के साथ घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण कर रहे हैं व जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। 4 नवम्बर से शुरू हुए इस कार्य के तहत बैकुंठपुर, सोनहत, पटना तथा पोड़ी-बचरा तहसीलों में फार्मों का वितरण मतदाताओं को तेजी से किया जा रहा है। अधिकारी भी गांवों में पहुंच कर तथा घर घर जाकर गणना प्रपत्रों के वितरण की जानकारी ली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी बूथों पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य 4 नवंबर से शुरू हुआ है। वितरण के बाद बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक घर जाकर निर्वाचकों से गणना प्रपत्र की भरी हुई प्रति प्राप्त करेंगे।

## जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए गए आवश्यक निर्देश

## 7 दिसंबर को होने वाले शिक्षार्थी आकलन की तैयारियाँ तेज

**कोरिया बैकुंठपुर।** साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरिया द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 7 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाले शिक्षार्थी आकलन की सुचारू व्यवस्था हेतु जिला स्तरीय समीक्षा बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण, कोरिया श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष प्राधिकरण डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी उपस्थित रहे। जिला परियोजना अधिकारी मारुति शर्मा द्वारा बताया गया कि जिले के विभिन्न साक्षरता केन्द्रों में नियमित रूप से कक्षाएँ संचालित की जा रही हैं। कुल 5734 शिक्षार्थियों ने निर्धारित 200 घंटे का अध्ययन कार्य पूर्ण कर लिया है, जिन्हें आगामी शिक्षार्थी आकलन में सम्मिलित किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को घर-घर संपर्क एवं जागरूकता अभियान चलाने, कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने, परीक्षा केन्द्रों पर प्रकाश, बैठक व्यवस्था, पेयजल और सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने, शत-प्रतिशत शिक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक लाने की जिम्मेदारी निर्धारित करने तथा व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी, प्राचार्य डाइट कोरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को बीएलओ ने सौंपा ईएफ फॉर्म



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज रतनपुर क्षेत्र के भाग संख्या 134 के बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ चौथ कुमार पटेल द्वारा स्वास्थ्य मंत्री एवं मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को इस अवसर पर मंत्री जायसवाल ने लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाले इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना लोकतंत्र में उसकी सशक्त भागीदारी का प्रतीक है। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे समय रहते मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ें, सुधार कराएं या आवश्यक परिवर्तन करवाएं ताकि आगामी चुनावों में वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। बीएलओ द्वारा ईएफ फॉर्म प्रदान किए जाने का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया से जोड़ना है ताकि इस अभियान के प्रति जन जागरूकता बढ़े और कोई भी योग्य नागरिक का नाम छूटे नहीं तथा कोई भी अयोग्य व्यक्ति का नाम जुड़े नहीं । इस दौरान बीएलओ ने मतदाता सूची अद्यतन की प्रक्रिया, ऑनलाइन सुविधा और नए पंजीकरण के लिए उपलब्ध पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं और घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क कर रहे हैं ताकि शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने इस पहल को सशक्त लोकतंत्र का आधार बताते हुए कहा कि एक मत भी देश की दिशा और दशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों को प्रेरित किया कि वे अपने आस-पास के लोगों को भी मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रेरित करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बीएलओ ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पात्र मतदाताओं को उनके घरों तक फॉर्म पहुँचाए जा रहे हैं तथा बूथ स्तर पर सहायता केंद्र भी बनाए गए हैं। वहीं ई-मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया को भी अधिक सरल बनाया गया है ताकि युवा मतदाता और नए पंजीकरणकर्ता आसानी से ऑनलाइन आवेदन कर सकें। रतनपुर क्षेत्र में चल रहे इस अभियान के तहत जनजागरूकता गतिविधियाँ भी आयोजित की जा रही हैं, जिनमें नुक्कड़ संवाद, पोस्टर प्रदर्शन और विद्यालय स्तर पर मतदाता बने युवा थीम पर कार्यक्रम शामिल हैं। (गणना पत्रक ) वितरण का यह चरण जिले के लिए एक उदाहरण बन गया है जहाँ जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है।

## बाल दिवस पर बेटियों के सपनों को मिली नई उड़ान हर बालिका राष्ट्र की पूंजी थीम पर हुआ सृजनात्मक आयोजन

**एमसीबी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दीबाड़ी चिरमिरी में आज बाल दिवस के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत कहानी लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का प्रेरणादायी आयोजन किया गया। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत आयोजित इस कार्यक्रम की थीम हर बालिका राष्ट्र की पूंजी और कहानी लेखन प्रतियोगिता का विषय मेरे सपनों का भविष्य रखा गया। इस आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं को अपने विचारों, सपनों और आकांक्षाओं को सृजनात्मक रूप में व्यक्त करने का अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.के. खाती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। संचालन जिला मिशन समन्वयक तारा कुशवाहा ने किया। छात्राओं ने अपनी भावनाओं को आत्मविश्वास के साथ अभिव्यक्त करते हुए ऐसी कहानियाँ प्रस्तुत कीं जिनमें उनके उज्ज्वल भविष्य और सशक्त भारत की झलक दिखाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य चंदन दत्ता, शिक्षिकाएँ, मिशन शक्ति महिला एवं बाल विकास विभाग की वित्तीय साक्षरता समन्वय विशेषज्ञ अनीता कुमारी शाह तथा सखी वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर अमीषा कुशवाहा की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बनाया। यह आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि बालिकाओं के आत्मविश्वास, सृजनशीलता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के अंत में निर्णायकों द्वारा श्रेष्ठ कहानियों का चयन किया गया और प्रतिभागी बालिकाओं को प्रोत्साहित किया गया।

## बिहान की दीदियों के हुनर ने जीता लोगों का दिल, बिक्री ने बढ़ाया आत्मविश्वास



**कोरिया बैकुंठपुर।** जशपुर जिले के मायाली पर्यटन स्थल में 6 से 9 नवम्बर 2025 तक आयोजित जम्बूरी महोत्सव एवं बिहान क्षेत्रीय सरस मेले में कोरिया जिले के 'कोरिया अमृत' ब्रांड ने अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज कराई। मेले में कोरिया जिले की महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए पारंपरिक और पौष्टिक उत्पादों ने खरीदारों का ध्यान आकर्षित करते हुए बिक्री में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। मेले में कोरिया अमृत मोदक लड्डू, कोरिया अमृत अचार एवं सुगंधित चावल सहित विभिन्न उत्पादों की मांग विशेष रूप से बढ़ी। स्वाद, गुणवत्ता और घर की पारंपरिक विधि से निर्मित होने के कारण खरीदारों ने इन उत्पादों की जमकर प्रशंसा की। ग्राम पंचायत आनी के ज्योति एवं माँ शारदा महिला स्व-सहायता समूह ने कोरिया अमृत मोदक लड्डू बेचकर 45,000 रुपए का व्यवसाय किया। ग्राम पंचायत छिंदिया के जागृति महिला स्व-सहायता समूह ने कोरिया अमृत अचार की बिक्री द्वारा 24,000 रुपए से अधिक की आय अर्जित की। महिला युग एफ.पी.सी. द्वारा सुगंधित चावल की बिक्री से 12,000 रुपए का कारोबार हुआ। इस प्रकार 80 हजार रूपए से अधिक की बिक्री दर्ज की गई, जो कोरिया जिले इन महिलाओं को आत्मविश्वास को और मजबूत किया है। मेले में कमिश्नर सरगुजा, कलेक्टर जशपुर सहित अन्य अधिकारियों ने 'कोरिया अमृत' स्टॉल का निरीक्षण करते हुए उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की तथा स्वयं खरीदारी भी की। इससे समूहों का उत्साह और भी बढ़ा। कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कोरिया जिले के महिला स्व-सहायता समूहों को विपणन, पैकेजिंग और ब्रांडिंग से जोड़कर नए बाजार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कोरिया की महिलाएँ अब लखपति दीदी बनने की दिशा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं।

# जिला स्तरीय खेलकूद में कौशल दिखाया महिला खिलाड़ियों ने

**एमसीबी।** खेल के मैदान में जब बेटियाँ उतरती हैं तो जीत सिर्फ पदकों की नहीं होती, बल्कि आत्मविश्वास, साहस और नारी शक्ति के उत्कर्ष की होती है। इसी संदेश को साकार करते हुए जिला प्रशासन एवं खेल तथा युवा कल्याण विभाग मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के तत्वावधान में वर्ष 2025-26 की जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसने पूरे जिले में उत्साह, जोश और खेल भावना का अद्भुत वातावरण बना दिया। मुख्य आयोजन स्थल सेंट पैट्रिक स्कूल चौघड़ा-मनेन्द्रगढ़ रहा, जहाँ एथलेटिक्स, वॉलीबॉल और खो-खो प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इसके साथ ही कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन अम्बेडकर भवन झगराखंड में, वेटलिफ्टिंग का मुकाबला लेदरी में, बैडमिंटन की रोमांचक भिड़ंत इनडोर हॉल में, बास्केटबॉल मैच में और रस्साकशी का आयोजन सेंट पैट्रिक परिसर में हुआ। हर मैदान पर खिलाड़ियों का जोश देखने लायक था, मानो हर बेटी यह संदेश दे रही थी कि अब हम किसी से कम नहीं।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह, डिप्टी कलेक्टर इन्दिरा मिश्रा और सरपंच चौघड़ा मानकुंवर उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. मिरे ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। सभी अतिथियों ने खेल मैदान में उपस्थित प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह ने कहा कि महिला खेल महोत्सव का आयोजन जिले के लिए गौरव की बात है क्योंकि इसमें जिले के सभी विकासखंडों की बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम खेल के अलग-अलग स्तरों से गुजरते हैं, वैसे-वैसे हम हरेक चीजों को और बारीकी से समझते जाते हैं और धीरे-धीरे बड़े स्तर तक पहुँचते हैं। निरंतर प्रयास और मेहनत ही हमारी पहचान बनती है। उन्होंने खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य की ओर लगातार प्रयासरत रहने का संदेश देते हुए विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

वहीं मुख्य अतिथि प्रतिमा यादव ने कहा कि आज हमारी बेटियाँ हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। नारी शक्ति अब किसी सीमा में बंधी नहीं है। आप सभी अपने परिश्रम और लगन से अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन करें। शिक्षा और खेल दोनों ही क्षेत्रों में संतुलन बनाकर आगे बढ़ें, यही आपकी असली जीत होगी। इस वर्ग की प्रतियोगिताओं में युवा खिलाड़ियों की फुर्ती, अनुशासन और जोश ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एथलेटिक्स में खड़गवां की सुष्मिता ने 100 मीटर और 400 मीटर दोनों दौड़ों में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना दबदबा कायम रखा। भरतपुर की सपना और अंजली सिंह तथा मनेन्द्रगढ़ की पूनम सिंह ने भी उम्दा प्रदर्शन किया। तवा फेंक में खड़गवां की कृष्णा ने प्रथम स्थान, मनेन्द्रगढ़ की संस्कृती भगत ने द्वितीय और भरतपुर की प्रियंका कंवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुश्ती (50 किग्रा) वर्ग में भरतपुर की वंदना सिंह विजेता रहीं। वेटलिफ्टिंग में मनेन्द्रगढ़ की वंशिका और ऋषिका ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि खड़गवां की सृष्टि राय द्वितीय स्थान पर रहीं। बैडमिंटन (सिंगल्स) में भरतपुर की सना परवीन ने खिताब जीता, जबकि डबल्स में खड़गवां की आशू साहू और नैंसी की जोड़ी ने पहला स्थान प्राप्त किया।

टीम खेलों में भरतपुर की खो-खो टीम विजेता रही और खड़गवां उपविजेता रही। हॉकी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (ई) मनेन्द्रगढ़ की टीम ने विजेता का ताज पहना। वॉलीबॉल में मनेन्द्रगढ़ की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि खड़गवां की टीम उपविजेता रही। बास्केटबॉल में डी.डब्ल्यू.पी.एस. मनेन्द्रगढ़ की टीम विजेता रही, वहीं रस्साकशी में भरतपुर की टीम ने जीत दर्ज की और खड़गवां की टीम उपविजेता बनी।

इस वर्ग में परिपक्व महिला खिलाड़ियों ने अपनी कुशलता और अनुभव का शानदार प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स में भरतपुर की रीता ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता जबकि 400 मीटर दौड़ में खड़गवां की सुमन प्रथम स्थान पर रहीं। भरतपुर की गायत्री सिंह और मनेन्द्रगढ़ की प्रतिमा क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। तवा फेंक में खड़गवां की पार्वती ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया जबकिमनेन्द्रगढ़ की कविता द्वितीय और भरतपुर की सविता तृतीय रहीं। कुश्ती (50 किग्रा) वर्ग में मनेन्द्रगढ़ की सत्या यादव विजेता बनीं। वेटलिफ्टिंग में खड़गवां की साध्मी श्रीवास्तव ने 45 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया जबकि भरतपुर की गीता द्वितीय स्थान पर रहीं। 49 किग्रा वर्ग में मनेन्द्रगढ़ की रजनी प्रथम स्थान पर रहीं। बैडमिंटन सिंगल्स में खड़गवां की दुर्गा ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि मनेन्द्रगढ़ की वर्षा द्वितीय और भरतपुर की शगुन तृतीय स्थान पर रहीं। डबल्स मुकाबले में खड़गवां की दुर्गा और निकिता की जोड़ी विजेता बनी जबकि मनेन्द्रगढ़ की मीरा और अंकिता की जोड़ी उपविजेता रही। टीम खेलों में खो-खो और वॉलीबॉल दोनों में खड़गवां की टीम ने विजेता का खिताब जीता, जबकि मनेन्द्रगढ़ की टीम उपविजेता रही। रस्साकशी में मनेन्द्रगढ़ की टीम ने बाजी मारी और खड़गवां को उपविजेता का स्थान मिला। इस पूरे आयोजन की सफलता में जिला प्रशासन की टीम और स्थानीय खेल प्रेमियों का विशेष योगदान रहा। आयोजन को सफल बनाने में किशोर दास, सुमित जायसवाल, अनीता तिर्की, श्रीमती पूजा सिंह, निकिता थापा, रणधीर ठाकुर, केमेन्द्र साहू, फमेश्वर साहू और मिलेश खलखो का अहम योगदान रहा। प्रतियोगिता का संचालन जिला क्रीड़ा अधिकारी विनोद जायसवाल के मार्गदर्शन में हुआ जबकि मंच संचालन शिव कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए और सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभा के प्रदर्शन का मंच बनी बल्कि महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और खेल भावना का प्रतीक भी बनी। इससे जिले की खेल संस्कृति को नई ऊर्जा और दिशा मिली। बेटियों ने यह साबित किया कि जब अवसर और विश्वास मिले तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्टता का नया इतिहास रच सकती हैं।

## मनेंद्रगढ़ को मिली बड़ी सौगातः पाराडोल एनीकट निर्माण को मिली 10 करोड़ 4 लाख की स्वीकृति

**एमसीबी।** मनेंद्रगढ़ के स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर क्षेत्र को एक बड़ी सौगात मिली है। हसदेव नदी पर पाराडोल एनीकट निर्माण के लिए जल संसाधन विभाग की तरफ से 10 करोड़ 4 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना से मनेंद्रगढ़ के लगभग 80 हेक्टेयर क्षेत्र में निस्तारी, पेयजल, भूजल संवर्धन एवं कृषकों को स्वयं के साधन से सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी। इससे क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और जल संसाधनों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

वहीं मनेंद्रगढ़ की थानीय जनता ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए विधायक तथा कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार जताया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण योजना के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद कहा है कि यह एनीकट सिंचाई, भूजल संवर्धन, पेयजल, निस्तारी कार्य और क्षेत्र के विकास में एक नई दिशा प्रदान करेगा और स्थानीय जनजीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा।

## कॉलेज में शिविर लगाकर विद्यार्थियों को दिए गए लर्निंग लाईसेंस

**सूरजपुर।** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में एनएसएस यूनिट द्वारा छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला परिवहन विभाग सूरजपुर छत्तीसगढ़ के सहयोग से महाविद्यालय में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम जिला परिवहन विभाग सूरजपुर के सहयोग से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य अमित सिंह बनाफर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी शालिनी शांता कुजूर के नेतृत्व में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता योगेश कुमार भंडारी जिला परिवहन अधिकारी सूरजपुर रहे। भंडारी ने सड़क सुरक्षा,यातायात के नियम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया। बिना लाइसेंस, बीना गाड़ी इंश्योरेंस के गाड़ी नहीं चलनी चाहिए, हेलमेट का प्रयोग, गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करना, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, के बारे में तथा लर्निंग लाइसेंस बनवाने हेतु प्रेरित किया। इसकी उपयोगिता के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का लर्निंग लाइसेंस बनाया गया। जिसमें उन्होंने आधार कार्ड, जन्मतिथि के प्रमाण पत्र जैसे पैन कार्ड या दसवीं की अंक सूची, पासपोर्ट साइज दो रंगीन फोटो, मोटरसाइकिल हेतु 206 रुपए शुल्क,मोटरसाइकिल एवं कर हेतु 356 शुल्क जमा किए। आवेदन भरने के पश्चात इनका ऑनलाइन टेस्ट लिया गया। इस कार्यक्रम में आनंद तिवारी सुपरवाइजर आरटीओ ऑफिस सूरजपुर का सहयोग रहा।

# कलंक बनी उद्योगों की मालगाड़ियां जाम से कराह रहे कोरबावासी

## शारदा विहार और टीपी नगर क्रांसिंग में दो घंटे तक परेशान रहे लोग



**कोरबा।** एक ओर जहां उद्योगों की ऊँची चिमनियां कोरबा की पहचान को इंडस्ट्रियल हब के रूप में मजबूत कर रही हैं, वहीं इन्हीं उद्योगों की जरूरतें अब शहरवासियों के लिए मुसीबत बनती जा रही हैं। कोयले की सप्लाई के लिए रोजाना गुजरने वाली मालगाड़ियां अब शहर के यातायात तंत्र के लिए सिरदर्द साबित हो रही हैं।

मंगलवार को इसका जीता-जागता उदाहरण उस समय देखने मिला, जब लगातार दो घंटे तक मालगाड़ियों के कारण शहर के प्रमुख मार्गों पर भीषण जाम की स्थिति बन गई। संजय नगर, शारदा विहार और ट्रांसपोर्ट नगर रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन गुजरने के दौरान बार-बार फाटक बंद होने से लोग घंटों फंसे रहे।

शारदा विहार से लेकर ट्रांसपोर्ट नगर चौक तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मुख्य मार्ग बाधित होने के बाद लोग जब वैकल्पिक रास्तों की ओर मुड़े तो वे भी वाहनों से पाट दिए गए। हालात यह रहे कि अंदरूनी गलियों तक में जाम फैल गया और लोग किसी तरह रास्ता निकालने की जद्दोजहद में एक-दूसरे से उलझते नजर आए। लोगों का कहना था कि जब भी मालगाड़ी क्रॉसिंग पर रुकती है, तो पूरे इलाके में यातायात ठप हो जाता है। कई बार आगे न बढ़ पाने की स्थिति में लोग अपनी गाड़ियां पीछे करने लगते हैं, जिससे दुर्घटनाएं और विवाद की नौबत तक आ जाती है। मंगलवार को भी इसी वजह से कई जगह बवाल जैसी स्थिति बनी रही।

स्थानीय निवासियों ने कहा कि उद्योगों से क्षेत्र का विकास हुआ, रोजगार के अवसर बढ़े, लेकिन इन मालगाड़ियों ने कोरबा की सड़कों पर चलना मुश्किल कर दिया है। लोगों का कहना है, अब तो लगता है ये मालगाड़ियां विकास का प्रतीक नहीं, बल्कि कोरबा के माथे पर कलंक बन गई हैं रेलवे प्रशासन की भूमिका को लेकर भी लोगों में नाराजगी है। नागरिकों ने आरोप लगाया कि बार-बार समस्या उठाने के बावजूद रेलवे अधिकारी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। न तो जनसंपर्क अधिकारी स्पष्ट जवाब देते हैं, न ही क्षेत्रीय प्रबंधक या स्टेशन मास्टर। हर बार यही कहा जाता है कि संबंधित लाइन हमारी नहीं है, उद्योगों की है, उनसे संपर्क कीजिए। शहरवासी अब यह मांग कर रहे हैं कि रेलवे और जिला प्रशासन संयुक्त रूप से कोई ठोस रणनीति तैयार करे, ताकि मालगाड़ियों के संचालन से शहर के यातायात पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा सके। लोगों का कहना है कि अगर स्थिति ऐसी ही रही तो आने वाले दिनों में कोरबा का आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाएगा।

रजगामार पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

## गरीबों का मसीहा हूं... महिला पर दबाव बनाकर कुकर्म



**कोरबा।** वर्ष 2025 के जनवरी से लगातार दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक आरोपी हीरा साहू का पुलिस ने गिरफ्तार करने के साथ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के कोर्ट में पेश किया। उनके आदेश पर आरोपी को पुलिस ने जिला जेल भेज दिया है। उसने खुद को गरीबों का मसीहा बात कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

आरोपी हीरा साहू 36वर्ष रजगामार क्षेत्र का रहने वाला है। खबर के अनुसार इसी इलाके में निवासरत एक महिला को उसने निशाने पर लिया और पाशविक घटना को अंजाम दिया। चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने बताया कि पीड़िता का पति पैरालाइज है। आरोपी ने इस बात पर गौर किया और एक दिन उसके घर पहुंच गया। यहां पर उसने बातचीत में खुद को गरीबों का मसीहा बताया और कहा की जब वह दूसरों की सहायता करता है तो इस स्थिति में आप लोगों की सहायता करना तो बनता ही है। पीड़िता को उसने भरोसे में लिया और एक दिन जिला पंचायत कार्यालय कोरबा लेकर गया। सहायता दिलाने के बहाने उसके कुछ दस्तावेज ले लिए ताकि विश्वास जीता जा सके। इसके बाद जनवरी 2025 से लेकर अब तक पर अलग-अलग मौके पर दुष्कर्म की घटनाओं को अंजाम देता रहा। हर बार उसने यही बात दोहराएगी अगर किसी को बताया तो बदनामी उसकी होगी। आखिरकार महिला ने परेशान होकर उसे सबक सिखाने की ठानी और पुलिस से शिकायत की। आरोपी का मेडिकल परीक्षण करने के साथ पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और जेल का रास्ता दिखा दिया। उसके खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में अपराध क्रमांक 612/ 2025 दर्ज किया गया है।

## छुरी में कार्यशाला 13 नवंबर को

**कोरबा।** मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर भाजपा के द्वारा मंडलों, शक्ति केंद्रों व बूथों में कार्यशाला लगाई जा रही है। जिसके तहत मतदाता सूची को ठीक करना है। छुरी में 13 नवंबर को कार्यशाला आयोजित है। इसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन, उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी, विधायक प्रतिनिधि प्रीतम देवांगन, रमेश श्रीवास, टिकैत डोंगरे सहित सभी पार्षद जुटे हुए हैं। आज करतला नगर मंडल में कार्यशाला आयोजित है। यहां वरिष्ठ भाजपा नेता आकाश सक्सेना कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। मंडल अध्यक्ष रामकुमार गभेल के द्वारा कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। कटघोरा में आयोजित कार्यशाला में वरिष्ठ नेता हितानंद अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम को समजीत सिंह, रामप्रसाद कोर्राम ने सफल बनाया। सर्वमंगला नगर मंडल में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता नरेंद्र देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष मिश्रा ने सहयोग प्रदान किया। बालको में मंडल अध्यक्ष डिलेंद्र यादव, संपत यादव व जय राठौर शक्ति केंद्रों में बैठक की तैयारी कर रहे हैं।

## दुपहिया चोरी के कुछ मामलों की गुत्थी सुलझाई पुलिस ने


थाना और चौकी ने अपने दम पर की कार्रवाई

**कोरबा।** कुछ महीने से कोरबा शहर और आसपास के आसपास यहां वहां पार्क की गई दुपहिया गाड़ियों की चोरी के मामले में पुलिस ने आखिरकार अभियान चलाया और एक प्रकार से यह उपयोगी साबित हुआ। खबर के अनुसार कुछ क्षेत्रों से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे या निशान देही पर कुछ गाड़ियों को जप्त किया गया है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों से पूछताछ में पूरे नेटवर्क के तार खुल सकते हैं।

अधिकारियों के निर्देश पर जिले की पुलिस ने थाना और चौकी स्तर पर विशेष ऑपरेशन 2 दिन तक चलाया। इस दौरान कुछ चीजों को ध्यान में रखा गया और इसके अंतर्गत बिना नंबर की दुपहिया से लेकर दूसरे वाहनों की खबर ली गई। सभी क्षेत्रों में इस अभियान के संचालन से कई चीजे सामने आई। संदिग्ध नजर आने वाली ऐसी कई गाड़ियां न केवल पुलिस के हाथ लगी वर्गी उनके साथ कई और भी जानकारी सामने आई। खोजबीन के क्रम में पुलिस को इस तरह की हरकत करने वाले गिरोह के बारे में भी जानकारी मिली। पता चला है कि मानिकपुर, सिविल लाइन, कोतवाली से लेकर अनेक थाना और चौकी क्षेत्र में पुलिस को स्कूटी से लेकर सामान्य और महंगी कीमत वाली दुपहिया गाड़ियां हाथ लगी है। इनकी कीमत लाखों में बताई गई। पूरे मामले में कई आरोपी और संदिग्ध भी पकड़े गए हैं जिसे सभी आवश्यक पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि पूरे प्रकरण को लेकर जरूरी खुलासे आज शाम तक किए जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि थाना और चौकी क्षेत्र की पुलिस ने अपनी दम पर इस पूरी सफलता को अर्जित किया है। उन्होंने अपनी तकनीक और अपने रिसोर्स के आधार पर जड़ तक पहुंचने में सफलता हासिल की। बताया गया कि टीम भावना से काम करने के कारण ये नतीजे आए।

## छाल रेंज से 9 हाथियों का एक और दल पहुंचा नोनदरहा, रौंदी फसल



**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के करतला रेंज में 9 हाथियों का एक और दल पहुंच गया है। बीती रात छाल रेंज से अचानक पहुंचे हाथियों ने मदवानी गांव में उत्पात मचाते हुए आधा दर्जन ग्रामीणों की फसल को रौंद दिया और नोनदरहा में आकर जंगल में डेरा जमा लिया है। हाथियों के एक और दल आने से करतला रेंज में सक्रिय हाथियों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है। 28 हाथी पहले से ही यहां मौजूद है और उत्पात मचाकर धान की फसल को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। हाथियों के इस दल ने बीती रात सेंद्रीपाली तथा बांधापाली गांव में जमकर उत्पात मचाया और ग्रामीणों के खेतों में लगे धान की फसल को रौंदने के साथ तहस-नहस कर दिया। हाथियों का उत्पात यहां दो दिनों से जारी है जिससे ग्रामीण काफी परेशान हैं। इस बीच कुदमुरा रेंज में भी 13 हाथियों के दल ने दस्तक दे दी है। कुदमुरा रेंज में फसल रौंदने के बाद हाथियों का यह दल पसरखेत रेंज के धौराभाठा गांव पहुंच गया था और रात में खेतों में उत्पात मचाने के बाद वापस कुदमुरा रेंज लौटकर चचिया परिसर में घूम रहा है। हाथियों के इस दल को आज यहां विचरण करते हुए देखा गया।

उधर कटघोरा वनमंडल में 54 की संख्या में हाथी सक्रिय है। हाथियों का यह दल एतमानगर व केंदई रेंज की सीमा पर विचरण कर रहा है। हालांकि हाथियों के इस दल ने तत्काल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है लेकिन उत्पात मचाए जाने की संभावना को देखते हुए वन अमला सतर्क हो गया है और हाथियों की निगरानी करने के साथ आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं अत: जंगल की ओर जाना खतरा हो सकता है सो हाथियों तथा जंगल से दूरी बनाए रखें।

## रिसदी चौक पर उड़ती धूल ने बढ़ायी परेशानी



**कोरबा।** जिले के रिसदी चौक पर जर्जर सड़क एवं राखड़ परिवहन वाहनों के कारण उड़ रहे धूल व डस्ट ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। यहां डस्ट व धूल के कारण लोगों का आना जाना मुशिकल हो रहा है। खासकर शाम के समय और भी परेशानी बढ़ जाती है, तब धूल व डस्ट के कारण सामने से आ रही गाड़िया दिखाई नही देती और उससे टकराकर दुर्घटना होने का भय सदा बना रहता है।

क्षेत्र के निवासियों ने यहां पर बढ़ते प्रदूषण व समस्या को देख मे हुए पानी छिड़काव की मांग की थी। जिस पर कुछ दिनों तक यहां पानी का छिड़काव किया गया। लेकिन अब इसे बंद कर दिया गया है। जिसके कारण डस्ट वाला धूल काफी मात्रा में उछ रहे है। जो आसपास के घरों, दुकानों व आफिसों में घूसकर प्रदूषण फैला रहे है। जनता दल यूनाटेड के वरिष्ठ नेता जुगनू खान इस ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए मार्ग को दूरूस्त करने तथा उसके ठीक होते तक हर घंटे पानी के छिड़काव करने की मांग की है। ताकि यहां से आने जाने वाले लोगों को राहत मिल सके धूल व डस्ट के कारण चौक के दुकाने दारों तथाा क्षेत्र वासियों को सांस की तकलीफ भी झेलनी पड़ रही है।

## कुदमुरा में धान भंडारण गोदाम बनेगा 19.57 लाख से



### डीएमएफ से स्वीकृति, हुआ भूमिपूजन

**कोरबा।** जिले के ग्राम पंचायत कुदमुरा में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी केंद्र परिसर में नया गोदाम भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इस भवन का निर्माण कार्य जिला खनिज न्यास मद से कराया जाएगा। इसके लिए 19 लाख 57 हजार रुपये की राशि प्रशासन द्वारा स्वीकृत की गई है।

इस गोदाम भवन के निर्माण से धान उपार्जन केंद्र पर खाद, बीज, बरदाना और धान भंडारण की दीर्घकालिक समस्या का समाधान होगा। स्थानीय समिति ने कुछ माह पूर्व इस विषय में प्रशासन को प्रस्ताव भेजा था, जिसमें केंद्र पर लगातार बढ़ते खरीदी कार्य के कारण भंडारण स्थान की कमी और किसानों को हो रही असुविधा की जानकारी दी गई थी। प्रस्ताव पर प्रशासन ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कार्य की मंजूरी प्रदान की।

निर्माण कार्य का भूमिपूजन ग्राम पंचायत परिसर में विधि-विधान से किया गया। इस अवसर पर सरपंच रचना महेश राठिया, उपसरपंच मोंगरा यादव, ग्राम पटेल दुर्गा प्रसाद राठिया, पंच चूड़ामणि श्रीवास एवं फड़ प्रभारी माखन लाल राठिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि आगामी धान खरीदी सत्र से पहले भवन का उपयोग आरंभ किया जा सके। इससे खरीदी कार्य के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## कोयला कामगार गए जमुना

**कोरबा।** एसईसीएल स्तर पर जमुना में सांस्कृतिक कार्यक्रम कल से आयोजित है। इस कार्यक्रम में एसईकेएमसी के केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, उपाध्यक्ष संदीप चौधरी, सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी खांडे, कंपनी सेफ्टी सदस्य धर्मा राव जमुना के लिए रवाना हुए हैं। सभी एरिया से कलाकार कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व से बीआर सुमन, डहारू राम सहित अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

## कई लोगों के जमा धन को लेकर पोस्ट मास्टर फरार,केस दर्ज

**कोरबा।** उपभोक्ताओं के पैसे पर नीयत खराब करने वाले कार्यवाहक शाखा डाकपाल द्वारा बचत खाता, महिला सम्मान सर्टिफिकेट खाता एवं टी.डी. खाता से लाखों रुपये शासकीय रकम का गबन करने पर एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी रवि कुमार तंडेल, ग्रामीण डाक सेवक कार्यवाहक शाखा डाकपाल भिलाईबाजार लेखा कार्यालय कुसमुण्डा कॉलरी के पद पर 23 मई 2023 से 10 अगस्त 2023 तक कार्यरत था। उक्त कार्यकाल के दौरान खातों से जमा एवं निकासी कर शासकीय रकम का गबन किया।

बचत खाता धारक श्रीमती कंचन बाई यादव पति बंशीलाल यादव निवासी ग्राम केशला भिलाईबाजार के खाते से 09 अगस्त 2023 को रवि कुमार कार्यवाहक शाखा डाकपाल (पुट ऑफ) द्वारा निकासी फार्म भरकर एवं फर्जी हस्ताक्षर कर 5000 रुपये निकासी किया गया। उसका पासबुक शाखा डाकपाल के पास रहता था। आरोपी रवि कुमार ने इस रकम को परिवार में तबियत खराब होने के कारण उपयोग करने एवं शाखा डाकघर के बैलेन्स को बराबर करने के लिए जुर्म करना स्वीकार किया है। ग्राहक श्रीमती कुंती बाई पादव पति पचराम यादव निवासी ग्राम भिलाईबाजार के खाते में 09 अगस्त 2023 को रवि कुमार द्वारा स्वयं निकासी फार्म भरकर एवं फर्जी हस्ताक्षर कर 20000 रुपये निकासी किया गया। यह पासबुक भी शाखा डाकपाल के पास रहती थी और राशि बीमारी के इलाज में खर्च होना बताया। खाताधारक श्रीमती मालती साहू पति स्व. रामलल्ला साहू निवासी बस्तीपारा पोस्ट भिलाईबाजार के खाता से 26.07.2023, 27.07.2023, 05.08.2223 एवं 09.08.2023 को रवि कुमार तंडेल द्वारा 20-20 हजार भरकर फर्जी हस्ताक्षर कर कुल 80000 रुपये का निकासी किया गया। शाखा डाकपाल द्वारा पासबुक अपने पास रखते हुए फर्जी निकासी किया गया है। खाताधारक पुसउ राम पिता जगतराम निवासी ग्राम पोस्ट भिलाईबाजार के खाता में 01 अगस्त 2023 को 50 हजार रुपये जमा करने हेतु लिया किंतु खाते में तुरंत जमा न कर एवं जमा की प्रविष्टी नहीं कर जमाकर्ता को जमा की पावती दे दिया। कुछ ही दिन बाद अपना पैसा निकालने गया तो खाते में रकम जमा नहीं था। रवि कुमार द्वारा उसे 4000 रुपये दिया गया व बाकी रकम को खाता में जमा कर दूंगा बोला किन्तु जमा नहीं कर 46000 रुपए का गबन किया। इसके बाद रवि कुमार कार्यस्थल एवं निवास से फरार हो गया।

इसी तरह पांच वर्षीय नया टी.डी खाता खोलने के लिए 10 जून 2023 को रवि कुमार तंडेल द्वारा ग्राहक श्रीमती हराबाई कंवर पति सूर्यभवनपाल सिंह निवासी ग्राम बरभाठा, पोस्ट भिलाईबाजार से 3 लाख रूपये प्राप्त किया किंतु तुरंत खाता न खोलकर जमाकर्ता को एसबी 26 की जगह जमा पर्ची को पावती बनाकर दे दिया। ग्राहक ने बाद में डाकघर जाकर पता किया तो अभी सर्वर नहीं चल रहा है, बाद में खाता खोलकर पासबुक दूँगा कहा और दी गई रकम को गबन कर लिया।

### महिला सम्मान खाता खोलने के नाम पर धोखाधड़ी

इस बार महिला सम्मान सर्टिफिकेट खाता (एमएसएससी) को रवि कुमार तंडेल द्वारा कु. सीपी अग्रवाल के पिता शिवकुमार अग्रवाल निवासी ग्राम भिलाईबाजार से 2 दो लाख रूपये उनके नया महिला सम्मान खाता खोलने हेतु प्राप्त किंतु तुरंत खाता न खोलकर जमाकर्ता को एसबी 26 की जगह जमा पर्ची को पावती बनाकर दे दिया और खाता खोलने का फार्म स्वयं रख लिया। शिव कुमार कुछ दिन बाद शाखा डाकघर जाकर पता किये तो पता चला कि रवि कुमार उनके खाता को नहीं खोला है और रकम को गबन कर फरार हो गया है। इस प्रकार कुल 6 लाख 51 हजार रुपये शासकीय रकम का गबन किया गया है। हरदीबाजार थाना में शासन की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट पर आरोपी रवि कुमार तंडेल के विरुध्द अमानत में खयानत करने के जुर्म में धारा 409 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

## कुसमुंडा में भवन निर्माण कार्य शुरू

**कोरबा।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के तत्कालिक विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने तीन वर्ष पहले सतनाम समिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे और यहां पर उन्होंने 15 लाख रुपए की लागत से भवन बनाने की घोषणा की थी। सतनाम समिति के वीरेंद्र टंडन सहित अन्य सदस्यों ने मांग पत्र भी सौंपा था। अब यह निर्माण कार्य शुरू हो गया है, जिसका स्वागत सतनाम समिति के सदस्यों ने किया है। पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर अपने समर्थक विशाल शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए थे। कुसमुंडा में प्रत्येक वर्ष गुरु घासीदास जयंती समारोह भव्य रूप से मनाई जाती है। यहां पर शोभायात्रा भी निकाली जाती है।

## डोजर ऑपरेटर के असिस्टेंट को कुचला वाहन ने, मौत

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के दीपका एरिया की कोयला खदान में हुए एक्सीडेंट में एस पटेल की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग क्रमांक 85 /2025 कायम किया है।

दीपिका पुलिस थाना के असिस्टेंट इंस्पेक्टर जितेश सिंह ठाकुर ने बताया की रात्रि 9 बजे के आसपास दीपिका खदान में यह घटना हुई। जानकारी के अनुसार 2000 ऑपरेटर का सहायक एस पटेल अपना कामकाज समाप्त करने के बाद घर जा रहा था। उसी दरमियान एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में पटेल का सिर बुरी तरह से जख्मी हो गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना होने पर काफी संख्या में लोग यहां पहुंच गए। पुलिस ने सूचना प्राप्त होने पर मोर्चा संभाला और मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## लाल किला हादसे पर जताया शोक

**कोरबा।** दिल्ली के लाल किले के पास कार में हुए धमाके की घटना पर छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी मो. न्याज नूर आरबी ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत हृदय विदारक, पीड़ादायक है। साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की है। बकौल श्री आरबी ने कहा कि केंद्र सरकार और हमारी केंद्रीय एजेंसियां स्थिति की सतत समीक्षा कर रही हैं और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com